## डंपर से कुचलकर युवक की मौत, चक्काजाम

### सालभर पहले ही हुआ था विवाह, एसीपी बारा ने दिया आश्वासन





**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** सड़क के उस पार लगे हैंडपंप पर पानी पीने जा रहे युवक की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा तेज रफ्तार से गुजर रहे डंपर से हुआ। हादसे के बाद गुस्साए लोगो ने मौके पर ही शव रख जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे एसीपी बारा ने ग्रामीणों का आश्वासन देकर जाम समाप्त करवाया। शव को चीरघर भेज दिया गया है। यह हादसा शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के भगदेवा चौराहे के पास हुआ। जाकनारी के मुताबिक कपरौड़ा, बारामासी का रहने वाला विजय बहादुर (28) मेवालाल आदिवासी सोमवार को सुबह अपने खेत में काम कर रहा था। सुबह, लगभग नौ बजे उसे प्यास लगी तो वह पानी पीने के लिए सड़क के उस पार लगे हैंडपंप की तरफ जाने लगा। जैसे ही वह शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर पहुंचा, तेज रफ्तार में जा रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। डंपर की चपेट में आने के बाद विजय बहादुर को अस्पताल ले जाने का भी मौका नहीं मिला। इस हादसे की जानकारी होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर एसीपी बारा संतलाल सरोज, थाना प्रभारी शंकरगढ़ ओमप्रकाश मयफोर्स मौके पर पहुंचे। तहसीलदार बारा गणेश सिंह भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत कराया। तकरीबन तीन घंटे तक चले जाम के बाद ग्रामीणों ने सड़क छोड़ी। प्रभारी शंकरगढ़ ने बताया कि शव को चीरघर भेज दिया गया है। आगे की विधिक का?वाही की जा रही है।

## जागरुकता अभियान : अब हर बच्चे को भेजो स्कूल

### कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली




**बारा/शंकरगढ़।** नये शैक्षिक सत्र का आगाज हो चुका है। परिषदीय विद्यालयों में नामांकन शुरू हो गया है। इसी के साथ ग्रामीण परिवेष में स्कूल न जाने वाले बच्चों को स्कूल से जोड़ने के निमित्त जागरुकता कार्यक्रम भी शुरू होगए हैं। सोमवार को कंपोजिट विद्यालय शंकरगढ़ के बच्चों ने जागरुकता रैली निकाली। शिक्षक वीरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली पुराना बाजार से होते हुए राजा कमलाकर इंटर कालेज पहुंची। इसके बाद ब्लाक परिसर शंकरगढ़ से रामभवन चौराहा, सदर बाजार तक गई। इस दौरान स्थानीय अभिभावकों से मुलाकात की गई और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरुक किया गया। रैली के दौरान बच्चों ने झ हर घर में अब दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, अब न करो अज्ञानता की भूल, हर बच्चे को भेजो स्कूल और पढ़ेंगे-पढ़ाएंगे उन्नत देश बनाएंगे, का संदेश दिया। रैली में छात्रा सुहानी गुप्ता, मानसी नामदेव, अभिनय सिंह,ऋषभ के साथ शिक्षक नृपेंद्र सिंह, चेतना शर्मा, अतुलेश्वरी गुप्ता, अनिल सिंह, मनीषा सिंह, अनिल कुमार पटेल, सुरेंद्र कुमार सरोज, शिवलाल, संगीता, रामअधीन, परिव्राजकाचार्य द्विवेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मांडा थानाध्यक्ष की टीम के साथ आबकारी विभाग ने मारा छापा, 20 लीटर शराब व तीन कुंतल लहन किया नष्ट



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा थानांतर्गत जगह-जगह अवैध शराब के गोरखधंधा करने वाले स्थानों पर छापा मारा और मौके पर लहन पाए जाने पर नष्ट किया। गौरतलब हो कि आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मांडा थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, एसआई रमेश कुमार व बाबू रामपुलिस टीम के साथ आबकारी इन्स्पेक्टर कोरांव आयुष ने मौके पर पहुंचकर मांडा क्षेत्र के कूदर व पियरी गांव में अवैध रूप से निर्मित की जा रही कच्ची शराब पर रोक लगाने को लेकर पुलिस बल ने हर पहलुओं को पहल करते हुए सोमवार को बीस लीटर कच्ची शराब व तीन कुंतल लहन नष्ट किया। वहीं अवैध रूप से गोरखधंधा करने वाले अभियुक्त मौके से फरार हो गए। पुलिसिया कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गौ सेवा संगम कार्यक्रम संपन्न



**जंघई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड प्रतापपुर गंगापार काशी प्रांत का गौ सेवा संगम कार्यक्रम रविवार को सरस्वती इंटर कॉलेज सरायममरेज में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता अरविंद प्रांत गौ सेवा प्रमुख काशी प्रांत ने गौ की महिमा एवं उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डालते हुए बताया कि गाय हमारी संस्कृति की द्योतक है तथा गौ माता के दूध, दही, गोबर, गौमूत्र आदि के बने उत्पाद का अपने दैनिक जीवन में उपयोग करने से अनेक लाभ होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यवाह जगत ने किया। जिला संघचालक सूर्यनारायण ने गौ वंश के पालन सरंक्षण का आग्रह किया। कार्यक्रम के पहले सभी गौ भक्तों ने आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से गौ यज्ञ में आहुति प्रदान करके गौ माता की पूजा परिक्रमा किया।कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रगतिशील किसान, गौ सेवक, धर्म क्षेत्र में कार्य करने वाले बंधुओं को अंगवस्त्र माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण प्रमुख शेषमणि एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला गौ सेवा प्रमुख हरिशंकर ने किया। इस अवसर पर विशेष उपस्थिति जिला प्रचारक गंगापार प्रेमसागर, जिला गौ सेवा संयोजक दिनेश, जिला संपर्क प्रमुख अनिल उपाध्याय, संघचालक खंड प्रतापपुर हृदय नारायण, गौ सेवा प्रमुख खंड प्रतापपुर अमित पाठक, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, कृष्णा पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

### आयरा शेख ने पांच साल की उम्र में आठ रोजा रख का परिजनों का दिल जीता



**मऊआइमा।** पांच साल की उम्र में आयरा शेख पुत्री मोहम्मद सुहेल ने आठ रमजानुल मुबारक का रोजा रख कर कमाल कर दिया। मऊआइमा कस्बा के अबू हलीम पटटी निवासी आयरा शेख के इस उमस भरी गर्मी में रोजा रखना एक कमाल की बात है।आयरा शेख के आठ रोजा रखने पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है।और इस बेटी की प्रशंसा कर रहे हैं।

### डीजे व गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा।



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के भिउरा गांव में सीताराम महायज्ञ की शुरूआत के पहले सोमवार को विधि विधान से यज्ञस्थल पर कलश का पूजन करने के उपरांत डीजे व गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा भदवा, मकसुदना, पयागीपुर ,चका, डुढूआ, सहित विभिन्न गांवों व कस्बों से होते हुए दोबारा यज्ञस्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई । कलश यात्रा के दौरान मनोज कुमार शास्त्री, विजय गिरी महाराज, राम जी व श्याम जी श्रीवास्तव, अचुत्य कांत मिश्रा, संजय मिश्रा, गोपाल, माधवा कांत मिश्रा सहित दर्जनों की संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

### पेड़ की डाल में फांसी के फंदे पर लटका वृद्ध ,मौत



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सिठौली में एक वृद्ध ने बीती रात आम के पेड़ के डाल में गमछे को फंदा बनाकर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिठौली गांव निवासी नंदलाल यादव पुत्र गंगा राम उम्र 62 वर्ष जो घर पर ही रहता था। इन दिनों मानसिक रोगी था। बीती रात घर से 100 मीटर दूर पर स्थित एक आम के पेड़ की डाल में नंदलाल ने अपनी गमछा को फंदा बना लिया और पेड़ की डाल से फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जब ग्रामीण सोच लिए गए तो देखा तो शोरगुल मचा उनके परिजनों तक सूचना गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया इन दिनों वृद्ध की मानसिक संतुलन ठीक नहीं चल रही थी। मृतक का बेटा प्रदेश में रहकर कमाता था। मृतक अपनी बहू व नाती के साथ घर पर ही रहता था। मृतक के पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी थी।वृद्ध नंदलाल यादव की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### हास्य, व्यंग कवियों की कविता से श्रोता हुए ओतप्रोत




**सहसों।** षष्टम हिंदू नववर्ष महोत्सव कार्यक्रम में रविवार को चकिया घरहरा गांव में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मशहूर गायकों एवं हास्य व्यंग्य कवियों नें खूब जलवा बिखेरा। गायकों में विकास इलाहाबादी, आदित्य इलाहाबादी एवं जंगबहादुर यादव नें अपने सू मधुर भजनो के माध्यम से लोगों को रिझाया। वहीं एक से बढ़कर एक हास्य एवं व्यंग कवियों में शिवकिशोर तिवारी खंजन बाराबंकी, लखनऊ से पधारे योगेश चौहान व संध्या त्रिपाठी, रायबरेली से संदीप शरारती, प्रतापगढ़ से हरि बहादुर हर्ष एवं प्रयागराज से सुशील हर्ष, अभिलाषा अजान, लालजी देहाती, कामिल, राजकुमार अंजाना, अजय प्रेमी व अमित आभास नें हर तरह के रसों की कविताओं से लोगों को खूब रिझाते एवं ठहाके लगवाते हुए श्रोता ओतप्रोत हो उठे। कार्यक्रम में कविता पाठ का शुभारंभ कवित्री संध्या त्रिपाठी के द्वारा माता सरस्वती की वंदना से हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा एवं क्षेत्रीय विधायक प्रवीण सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, प्रेम सिंह उर्फ लल्ले भैया, विधायक विनोद सरोज, सत्येंद्र तिवारी, काशीराम दुबे, विनोद गुप्ता, संदीप दुबे, पी शुक्ला, डा बच्चा, रमेश प्रधान, महेंद्र कुमार, राजनाथ सिंह, इंद्रकांत मिश्रा, बबलू केसरवानी, संजीव सोनी, बब्बू दुबे सहित आदि अतिथियों का कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य क्रांति गुरु गणेश वल्लभ, बीरेंद्र सिंह व युवा कवि धनञ्जय शाश्वत ने माल्यार्पण कर भगवान राम का चित्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया। कवि सम्मेलन में कविता पाठ का संचालन माने जाने कवि अशोक बेशरम ने किया। कवि सम्मेलन में क्षेत्र के भारी संख्या में श्रोताओं ने हास्य एवं रस लौकिक कविता का आनंद लेते हुए देर रात मौजूद रहे।

## महाराज भवन कंजासा में होली मिलन समारोह हुआ संपन्न खुब उड़ा गुलाल





**जसरा।** घूरपुर यमुना नगर विकास खण्ड जसरा के ग्राम सभा कंजासा महाराज भवन में होली मिलन समारोह आयोजित हुई। जिसमें प्रयागराज के मशहूर सूफी भजन, गजल गायक मिश्र बंधुओं ने अपने अंदाज में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विश्व विख्यात जादूगर ज्ञानेंद्र भार्गव ने भी अपनी जादूगरी से लोगों को आकर्षित किया। वहीं पर कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने कहा कि होली का त्योहार आकर्षक और मनोहर रंगों का त्योहार है, यह एक ऐसा त्योहार है जो हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन की सीमा से परे जाकर लोगों को भाई-चारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर गले मिलते हैं और एक दूजे को गुलाल लगाते हैं और एक-दूसरे को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएँ देते हैं। होली अंदर के अहंकार और बुराई को मिटा कर सभी के साथ घुल-मिलकर, भाई-चारे, प्रेम और सौहार्द के साथ रहने का त्योहार है। छोटे-छोटे बच्चे अपनी इच्छानुसार रंग और गुलाल और पिचकारी खरीदते हैं और लोगों को रंगों से सराबोर करने का आनंद उठाते हैं। हमें इस बात को समझना होगा कि होली मिल-जुलकर, प्रेम से रहने और जीवन के रंगों को अपने भीतर आत्मसात करने का त्योहार है। इसलिए रंगों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करना चाहिए और पानी या रंग भरे बैलून चलाने से बचना चाहिए। होली का त्योहार हमें हमेशा सन्मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। होली का त्योहार सामाजिक सद्भावना का प्रतीक है। इस त्योहार के कारण लोगों में सामाजिक एकता की भावना मजबूत होती है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जसरा अजीत सिंह, आचार्य हरिकृष्ण शुक्ला,प्रकाश प्रचंड, परवेज आलम,ठाकुर मणिराज सिंह, सुरेंद्र केसरवानी, राजेश साहू, प्रधान शंकर लाल पांडे,ए.सपी.कौंधियारा विवेक यादव, थाना अध्यक्ष लालपुर,थाना अध्यक्ष घूरपुर, मनोज पांडे, संगम मिश्रा, डॉक्टर एस एल ओझा, सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडे, सुरेश वर्मा,जिला पंचायत सदस्य, डॉक्टर वी के पांडे भूतपूर्व स्वास्थ्य निदेशक उत्तर प्रदेश शासन, डॉक्टर भागवत पांडे इस रंग भरे समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे इस दौरान समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान की अलख जगाने किसानों के बीच पहुंचे आईटीसी के पदाधिकारी




**मेजा।** भोजपुरवा जनसुनवाई फाउंडेशन के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का अनवरत आयोजन किया जा रहा है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए किसानों के बीच पहुंचे आईटीसी के कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता किया गया। अभियान का संचालन करने वाले मतदाता जागरूकता अभियान प्रयागराज मण्डल के प्रभारी एवं सामुदायिक प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) लैम्प्स लिमिटेड तेंदुआ कलां के अध्यक्ष राहुल तिवारी ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र के पावन पर्व को निष्ठा पूर्वक मनाया जाना चाहिए। हमारे किसान भाई भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ है इसलिए मतदान दिवस को शत -प्रतिशत सफल बनाने में जबाब देय बनते हुए भूमिका का निर्वहन करें। किसानों द्वारा गेहूं की कटाई -मड़ाई का काम तेजी से हो रहा है जिसमें रख-रखाव व साफ-सफाई की अहमियत होती है। संबंधित विषय पर बोलते हुए आईटीसी कंपनी नैनी के प्रभारी अमित गुप्ता ने कहा कि किसानों को चाहिए कि बाजार की आवश्यकतानुसार उपज की सफाई से उचित मूल्य प्राप्त होता है इसलिए नमी एवं एचएल को ध्यान में रखकर ही संबंधित संस्थानों पर विक्रय करने से ज्यादा रेट मिलता है। इसी तरह सजग होकर मतदान करने से बेहतर उम्मीदवार का चयन किया जा सकता है। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित आईटीसी के गौरव जैन ने भी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिस पोलिंग बूथ पर शत-प्रतिशत के करीब मतदान होता है वह पोलिंग बूथ आदर्श मानी जाती है। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर राजकुमार, अवधेश कुमार, अश्विनी कुमार, अजय कुमार,अनीश कुमार, कमलेश प्रसाद, डब्लू शुक्ला आदि आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिम्मेदार पदाधिकारी जनता के बीच घर घर जाकर मतदान के लिए करें प्रेरित : अनिल राजभर

### डीजीएस गेस्ट हाउस मेजारोड़ में आयोजित भाजपा की संघटनात्मक बैठक सम्पन्न



**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा 52 इलाहाबाद के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की बृहद संघटनात्मक बैठक डीजीएस गेस्ट हाउस मेजा रोड में सम्पन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर को भाजपा नेता एवं जन सेवक इंद्रदेव शुक्ला ने अंग वस्त्र एवं श्रीमद् भागवत गीता जहां समप्रेम भेंट किया। वहीं भाजपा नेता डॉ0 कमलेश तिवारी एवं राजीव तिवारी ने भगवान श्री कृष्णा की मूर्ति गिफ्ट किया। तत्पश्चात मुख्यअतिथ मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि अबकी बार 400 के पार सबका साथ सबका विकास विकास के मूल उद्देश्य के साथ जनता के बीच मे घर-घर जनसंपर्क करना शुरू कर दीजिए और अपना बूथ सबसे मजबूत बनाए। उन्होंने ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास की रफ्तार को हर घर के हर वर्ग में देखा जा सकता है । मंत्री राजभर ने सभी पदाधिकारियों को जनता से घर घर संपर्क करने और जनता को वोटिंग के लिए प्रेरित करने की अपील किया ' उन्होंने ने कहा कि आप सभी जिम्मेदार तथा देव तुल्य कार्यकर्ता हैं ' देश के लोकप्रिय एवं यशश्वी पीएम नरेंद्र मोदी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं यह विपक्ष कह रहा हैं ' फि र भी आप सभी को राष्ट्र के निर्माण के लिए जनता के बीच जाकर उन्हें वोटिंग करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व भारत के विकास का लोहा मान रहा है। इस मौके पर बैठक लेने वाले में क्लस्टर इंचार्ज लोक सभा 52 इलाहाबाद लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल, जिला प्रभारी यमुना पार एवं क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी, लोकसभा प्रभारी मनोज जायसवाल , जिला अध्यक्ष भाजपा यमुना पार विनोद प्रजापति , विधानसभा संयोजक एवं जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य, विधानसभा प्रभारी मेजा रायचंद दुबे के अलावा मीडिया प्रभारी मेजा नीरज कुमार द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, इंद्रदेव शुक्ला उर्फ राजू प्रेम शंकर शुक्ला उर्फ मुन्ना डॉक्टर अमरेश तिवारी,मांडवी शरण द्विवेदी, कृष्ण दास गुप्ता, कामेश्वर पटेल, राजीव तिवारी, आशुतोष तिवारी, विस्तारक अंकित पांडे,बृजेश पांडे, राजेश्वरी तिवारी पुष्पराज पटेल,जय विनय यादव सुब्बालाल प्रजापति अशोक सिंह, दिलीप प्रजापति, अशोक द्विवेदी, आमिर,रामसूख नीतू सिंह, नेहा मिश्रा , गुड़िया भारतीय उषा पटेल नेहा केसरी, संजय केसरवानी के अलावा कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## एनसीआर कराने को लेकर मार पीटा, शांतिभंग में चालान

**मांडा।** कुछ दिन पहले गाली गलौज मार पीट करने पर मांडा थाने में तहरीर देकर एनसीआर दर्ज कराने को लेकर सोमवार को वही दोनों पक्षों में गाली गलौज करने की सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग में चालान कर दिया। मांडा थाना क्षेत्र के शिवराजपुर, शुकुलपुर गांव निवासी धन्नजय यादव पुत्र मनोज कुमार व लालता यादव पुत्र स्व.अमृत लाल को लेकर गाली गलौज मार पीट होने की सूचना पर मांडा पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लाकर शांति भंग में चालान कर दिया। उधर सोमवार को ही नरवर चौकठा गांव में पीड़ित पक्ष के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराने को लेकर उक्त गांव निवासी पिंटू उर्फ उपेन्द्र पुत्र रणधीर द्वारा गाली गलौज वाद विवाद करने की सूचना पर पुलिस ने एकपक्षीय कार्यवाही कर शान्ति भंग में चालान कर दिया।

## अपहरण के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार

**मांडा।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में भुक्तभोगी के तहरीर पर 5 अप्रैल को मांडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में दर्ज आरोपी को सोमवार को मांडा रोड स्टेशन पर चाय, पान की बन्द गोमती से लगभग दो बजे मांडा उप निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ मुखबीर की सूचना पर महुआरी खुर्द,थाना मांडा निवासी मो. ताहिर पुत्र परवेज अख्तर को गिरफ्तार कर लिया। और आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म व अपहृत सहित पास्को एक्ट की कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है।उक्त पुलिसिया कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है।

## जमुनापार करछना में भीषण अग्नि कांड , सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल राख



**करछना।** हाई टेंशन लाइन की सार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक करछना थाना क्षेत्र के खाई एवं गधियाव गांव में सोमवार को दोपहर खेतों के ऊपर से गुजरी हुई हाई टेंशन लाइन से सार्ट सर्किट के वजह से चिंगारी खेतों में जा गिरी जिसके चलते पककर तैयार खेतों में गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई सबसे पहले खाई गांव में हाई टेंशन लाइन से भुवर गौतम, पंकज शर्मा, पत्ते शर्मा ,राजपाल पटेल ,राजेंद्र मिश्रा, त्रिभुवन शुक्ला, शिव शुक्ला ,मनोज पांडे , आदि दर्जनों किसानो की फसल आंखों के सामने देखते-देखते जलकर राख हो गई तेज हवा और धूप के चलते किसानों ने बहुत प्रयास किया लेकिन फसल को बचा नहीं सके मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी घटना स्थल से काफी दूर गलत रास्ते पर जाकर फंस गई जो मौके पर आग बुझाने में असफल रही जमुनापार के करछना तहसील के अब तक का सबसे बड़ा अग्निकांड जो किसानों को तबाही की ओर धकेल दिया वहीं किसान बिजली विभाग के अधिकारियों पर अपना गुस्सा जाहिर किया इतने बड़े अग्निकांड पर कम से कम सैकड़ो परिवारों का निवाला छिन गया आंखों के सामने देखते-देखते पूरी फसल जलकर खाक हो गई प्रशासन आंख मुदे बैठा हुआ है वही करछना थाना क्षेत्र के ही गधियांव गांव में भी दोपहर आग लगने से दर्जनों किसानो की गेहूं खेतों में फसल जलकर राख हो गया जहां पर किसान आग बुझाने में असफल रहे और वही सरकारी महक में की फायर ब्रिगेड भी आग पर काबू पाने में असफल रहे।

### शार्ट सर्किट से गेंहू के खेत में लगी आग से हजारों का गेंहू जलकर राख



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण आए दिन शार्ट सर्किट से आग लगने से किसानों की फसलें जलकर राख हो रही है।शार्ट सर्किट से आग से एक बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। मऊआइमा क्षेत्र के ग्राम कटभरपरमेजपुर निवासनी नागेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्वर्गीय देव नारायण सिंह के खेत में लगे बिजली के खम्बे में उठी चिंगारी से पकी गेंहू की फसल जलने लगी ?। बताया गया है कि जब तक ग्रामीण किसी तरह ट्यूबवेल और अन्य संसाधनों से एक घंटे में आग पर काबू पाते लगभग एक बीघा पकी फसल जलकर राख हो गई। नागेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि हजारों रूपया का गेंहू नष्ट हुआ है। बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि के बाद किसी तरह गेंहू तैयार हुई तो बिजली विभाग की भेंट चढ़ गई। भुक्तभोगी ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

### शार्ट सर्किट से लगी आग, फसल जलकर खाक



**बारा/शंकरगढ।** बिजली की शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से लगी आग से कई बीघा खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।यह घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के धरी गांव की है। धरी गांव में प्रभाष सिंह के खेत में हार्वेस्टर से गेहूं के फसल की कटाई हो रही थी। तभी थोड़ी दूर में आपस में बिजली के तार टकराने से 11000 लाइन में शार्ट सर्किट होने पर तार से गिरी चिंगारी गेहूं के खेत में पड़ने पर खेत में आग लग गई ।जब तक गांव वाले कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया ।देखते ही देखते आग चारों तरफ फैलने लगी तथा लोगों में हाहाकार मच गया। गांव वाले लाठी, डंडा, हरे पत्ते आदि लेकर आग को बुझाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन उसकी लपटे इतनी तेज थी कि उसके नजदीक जाने से भी सबको डर लग रहा था। लोगों ने स्थानीय पुलिस सहित फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। लेकिन समय से न पहुंचने पर किसानों की फसल जलकर खाक हो गई। आग से धरी गांव के भूपेंद्र सिंह, महेश प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह , कल्लू ,बाबा धरी राजेंद्र सिंह ,अभय राज सिंह ,कमलेश, सुभाष, प्रभास ,कृष्णपाल, उभाष आदि की कुल मिलाकर लगभग 50 बीघे फसल जलकर खाक हो गई। आग बुझ जाने के बाद फायर ब्रिगेड की दो-दो गाड़ियां तथा नारीबारी चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। बाद में इधर-उधर सुलग रही आग को फायर ब्रिगेड के द्वारा बुझाया गया। किसानों ने शासन से पैमाइश करने के बाद उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अनिल तिवारी व सचिव पद पर विक्रांत पांडेय जीते

## वकीलों ने किया स्वागत, ढोल ताशे बजाकर माला पहनाई गई

अखंड भारत संदेश







**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव का रिजल्ट रात में आ गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव पद के नतीजे घोषित कर दिए गए।। सीनियर एडवोकेट अनिल तिवारी एक बार फिर से अध्यक्ष चुने गए हैं। जबकि सचिव पद पर हुए कांटे के मुकाबले में विक्रांत पांडेय ने जीत दर्ज की है। अध्यक्ष पद पर चुने गए अनिल तिवारी ने राकेश पांडेय उर्फ बबुआ को 603 वोटों के बड़े अंतर से हराया है। अनिल तिवारी को 3048 वोट मिले जबकि दूसरे नंबर पर रहे राकेश पांडेय को 2445 वोटों से संतोष करना पड़ा। 1320 वोट पाकर वीर सिंह तीसरे स्थान पर रहे। सचिव पद पर निर्वाचित विक्रांत पांडेय को 1959 वोट मिले हैं। जबकि दूसरे स्थान पर रहे अखिलेश शर्मा 1868 वोट ही हासिल कर सके। राय साहब यादव 1704 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। उपाध्यक्ष - कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव समेत बाकी 26 पदों के लिए वोटो की गिनती अभी नहीं हुई है। अलग-अलग पदों के लिए वोटो की गिनती लगातार जारी रहेगी। वोटो की गिनती खत्म होने में अभी चार से पांच दिनों का और वक्त लग सकता है।

**जीत के बाद जोरदार स्वागत :**

अध्यक्ष पद का रिजल्ट घोषित होने के साथ ही बार एसोसिएशन ने जश्न भी मनाना शुरू कर दिया। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद सीनियर एडवोकेट अनिल तिवारी का साथी वकीलों ने जोरदार स्वागत किया। उन पर फूलों की बारिश की गई। स्वागत में ढोल नगाड़े और शहनाइयां बजाई गईं। देर रात तक वकील उन्हें फूल माला पहना कर बधाई देते रहे।

**वकीलों के सम्मान की लड़ाई लड़ूंगा : अनिल**

जीत दर्ज करने के बाद अनिल तिवारी ने कहा कि वकीलों के सम्मान और वेलफेयर के लिए बेहतर काम करना ही उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बार और बेंच के बीच तालमेल बनाकर वादकारियों को सस्ता व सुलभ न्याय मुहैया कराए जाने की कोशिश किए जाने का भी दावा किया। अनिल तिवारी ने कहा कि वह वकीलों के हित में हर जरूरी कदम उठाएंगे। सरकारों के जरिए वकीलों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराने का काम करेंगे। उन्होंने वकालत के पेशे को बदनाम करने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की भी बात कही है।

**कई दिनों से चल रही मतगणना :**

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की 28 सदस्यीय कार्यकारिणी के चुनाव की मतगणना कई दिनों से चल रही है। शुक्रवार सुबह हाईकोर्ट परिसर में सबसे पहले मतपत्रों की छंटाई शुरू हुई। इसके बाद वोटों की गिनती शुरू हो गई। वोटों की गिनती के मद्देनजर मतगणना स्थल पर सुबह से ही वकीलों की भीड़ हो जा रही है। हो हल्ला, हंगामा न हो इसके लिए चुनाव कमेटी के साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम परिसर के अंदर और बाहर किए गए हैं। 85.15 फीसद वोट पड़े हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार 85.15 फीसद वोट पड़े हैं। चुनाव में कुल 9684 मतदाता थे। इसमें 8286 मतदाताओं ने अपने वोट डाले हैं। मतदान के लिए 16 बूथ बनाए गए थे। मुख्य चुनाव अधिकारी वीएम जैदी, चुनाव अधिकारी विनोद कांत श्रीवास्तव, आरसी सिंह, वरिष्ठ तिवारी, चंदन शर्मा, चंदन शर्मा, प्रभाकर अवस्थी की देखरेख में वोटों की गिनती होगी। चुनाव की हर गतिविधि सीसीटीवी कैमरों की निगाह में रही।

**शोर शराबा करने वालों की हो रही पहचान :** बार एसोसिएशन के मतदान के दौरान कई वकीलों ने हाथों में तख्ती लेकर नारेबाजी की थी। नारेबाजी को लेकर शिकायतें हुईं तो इसे लेकर जांच बैठा दी गई। कोर्ट के गलियारे में शोर शराबा होने के मामले में रजिस्ट्रार प्रोटोकाल और सुरक्षा टीमे 22 अप्रैल तक रिपोर्ट देंगी।

## वृद्ध की हत्या में दो गए जेल, कई हिरासत में

**झूंसी।** कब्रिस्तान की जमीन कब्जे के विरोध में हुई वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस ने सोमवार को मो.कयूम व मो. गनी को जेल भेज दिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश भी दे रही है और कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पुछताछ भी कर रही। पुलिस सूत्रों को माने तो बुजुर्ग की हत्या में नामजद आरोपियों के अलावा और चार लोगों का नाम प्रकाश में आया है जो घटना के बाद से ही फरार है। हवेलिया में शनिवार को कब्रिस्तान की जमीन के कब्जे का विरोध करने पर अहमद अली उर्फ छोटे मुल्ला की हत्या हो गई थी। मारपीट, पथराव में अहमद अली के भतीजे समेत कई लोगो घायल हुए थे। घटना के बाद से ही गांव में तनाव है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस व एसओजी आसपास के थाना क्षेत्रों में दबिश दे रही है। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मो. कयूम व मो. गनी को जेल भेज दिया गया। कयूम पर पहले भी करोड़ो के हेरफेर करने के मामल चल रहा है। उन्होंने बताया कि नामजद आरोपियों के अलावा घटना में शामिल अन्य लोगो की पहचान वीडियो के माध्यम से की गई है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी होगी।

# बाईक रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया गया संदेश

### स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए सबका मतदान करना जरूरी : मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप



**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में जनपद प्रयागराज मे मतदान सम्पन्न होना है। मतदाता पंजीकरण हेतु विशेष पुनरीक्षण अभियान के अन्र्तगत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न तिथियों के माध्यम से मतदाता पंजीकरण का कार्य कराया गया है। ऐसे अर्ह मतदाता जिनकी आयु 01.04.2024 को अथवा इसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है और अब तक मतदाता के रूप में पंजीकरण नहीं कराया जा सका है, उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकरण कराये जाने एवं आगामी 25 मई 2024 को शतप्रतिशत मतदान किये जाने के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज के प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र भारत स्काउट गाइड, मम्फोर्डगंज से बाइक रैली निकाली गयी, जिसको मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बाईक रैली भारत स्काउट गाइड मम्फोर्डगंज से प्रारम्भ होकर हेलीकॉप्टर चैराहा होते हुए चन्द्रशेखर आजाद पार्क के सामने से बालसन चैराहा होते हुए वापस भारत स्काउट गाईड मम्फोर्डगंज पहुंचकर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने भारत स्काउट गाईड के कैडेट्स व उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में 25 मई को घरो से निकल कर हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। आप सभी लोग अपने माता-पिता, घर परिवार सहित पास-पड़ोस के लोगो को भी मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि ऐसे अर्ह मतदाता जिनकी आयु 01.04.2024 को अथवा इसके पूर्व 18 वर्ष हो चुकी है वे 26 अप्रैल 2024 तक मतदाता के रूप में अवश्य रजिस्टर करा लें। यह भी कहा कि मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करायी जा रही है, मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए सबका मतदान करना जरूरी है। इस महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए सहभागी बनें। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल हेल्प लाइन एप व सक्षम एप के बारे में भी जानकारी दी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक पी0एन0सिंह ने कहा कि हम सबको मिलकर तन-मन से 25 मई तक इतनी जोर-शोर से स्वीप कार्यक्रम को चलाना है कि 25 मई को होने वाले चुनाव में सभी मतदाता अपने घरों से निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, जिससे मतदान प्रतिशत में निश्चित रूप से बढ़ोत्तरी हो। कार्यक्रम का संचालन राज्य संदर्भ दाता डॉ0 प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र भारत स्काउट गाइड के अधिकारी/कर्मचारी, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज के सभी सम्मानित कार्मिक गण के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप महोदय के द्वारा मतदाता शपथ दिलायी गयी। अन्त में पी0एन0सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज द्वारा सभी के प्रति आभार/धन्यवाद देते हुये कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गयी।

# उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन




प्रयागराज। उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ प्रयागराज के तत्वाधान में रविवार को सीपीएस कैसल क्लब, नवाब युसूफ रोड, सिविल लाइन में रंगों का त्योहार होली पर एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह के नेतृत्व में प्रयागराज के 22 ब्लॉको से सैकड़ों महिलाएं समारोह में सम्मिलित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती सुलोचना मौर्य जी के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेखा अधिकारी श्रीमती नीतू सिंह यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रयागराज की महिला खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह जी, सुश्री नीलम शाक्यवार जी एवं

प्रतिभा सिंह जी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ मिनी ओहरी, साधना सिंह प्रदेश मंत्री राधा प्रजापति सीतापुर जिलाध्यक्ष प्रयागराज मंडल की तरफ से मंडल अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा बाजपेई , मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना बाजपेई आदि पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह व महामंत्री संगीता सिंह भदोरिया द्वारा सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र देकर किया गया अतिथियों के स्वागत में जिला अध्यक्ष श्रीमती अनुरागिनी सिंह ने सर्वप्रथम संगठन को मान्यता प्राप्त कराने के लिए करने के लिए प्रयागराज की ओर से प्रदेश अध्यक्ष को बधाई व शुभकामना देते हुए सभी शिक्षिकाओं को पूरी ईमानदारी निष्ठा के साथ निडर होकर के कार्य करने के लिए कहा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के जनसैलाब को देखकर उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना जी एवं अतिथि गणों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की और सभी को होली की शुभकामनाएं तथा बधाइयां दी। प्रदेश अध्यक्ष महोदय ने मंच से अत्यंत हर्ष के साथ बताया कि शिक्षा विभाग में महिला शिक्षिकाओं की अधिकतम संख्या है और अपनी समस्याओ को बेझिझक ऊपर तक रखने के लिए महिला शिक्षक संघ के गठन की आवश्यकता पड़ी और संगठन महिलाओं की हर समस्या के त्वरित निदान हेतु दृढ़ प्रतिज्ञ है। इसके साथ ही लेखाधिकारी महोदया ने भी महिला शिक्षक संघ को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अत्यंत ही उत्तम प्रयास के रूप में बताया। होली मिलन के इस अवसर पर महिला शिक्षिकाओं ने नृत्य, गीत, हास्य व्यंग, काव्य पाठ आदि अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सभी ने होली के पारंपरिक व्यंजनों आदि का भी आनंद लिया। कार्यक्रम में मंच का संचालन वर्षा जी और बरखा जी के द्वारा किया गया। होली मिलन समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष अनुरागिनी सिंह तथा जिला से संगीता सिंह, कविता त्रिपाठी, पूनम यादव, आशा शर्मा, मोनिका द्विवेदी, बरखा बाजपेयी, संध्या जायसवाल, अलका जायसवाल, रचना भटनागर, कंचन जी, रितु सिंह, ललिता तिवारी, सुनीता सिंह व इंदु शर्मा ने मिलकर किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री श्रीमती संगीता सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न ब्लॉकों से बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं ने उपस्थित हो कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया और इस रंगोत्सव का आनंद लिया। इसमें विभिन्न ब्लॉकों से सरबजीत कौर, सुनीता वर्मा लक्ष्मी छाया श्वेता श्रीवास्तव, हेमलता सिंह, अमृता, अनुपमा प्रतिभा सिंह, प्रतिभा दुबे, रक्षा जायसवाल शहला वर्मा, ज्योति त्रिपाठी, प्रीति सिंह आदि गार्गी अग्रवाल संध्या वर्मा दीप्ति श्रीवास्तव ऋषि तिवारी ज्योति कैथवास अनेकों शिक्षिकाएं रहीं।

# नैनी पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार कर चोरियों का खुलासा किया




**नैनी।** नैनी कोतवाली पुलिस ने अपराध एवम अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पांडेय के निर्देश के अंतर्गत एसीपी करछना संजय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी यश पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा। सोमवार को एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर तीन चोरियों का खुलासा किया है। चोरी के आरोपी के अलावा सुनार को भी गिरफ्तार किया जो आभूषणों को गलाता था। पुलिस को। साथ ही आरोपियों की निशानदेही पर लाखों के चोरी हुए जेवर को भी बरामद किया गया है। नैनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को रेलवे लाइन किनारे दबिश दी तो वहां से शुभम उर्फ राज भारतीया पुत्र गनेश प्रसाद निवासी महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी एवं अमित कुमार सोनी पुत्र अशोक कुमार सोनी निवासी महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी को पकड़ा। शुभम उर्फ राज भारतीया के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर व 25,000 रुपए नगद तथा अभियुक्त अमित कुमार सोनी के कब्जे से लाखों रुपये मूल्य का जेवर बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। पुलिस के मुताबिक शुभम चोरी करता था और अमित सोनी उससे चोरी हुआ जेवर सस्ते में लेकर गलाता था। शुभम ने 23 मार्च की रात होली मनाने गांव गए शरद अग्रवाल के महेवा तथा आदर्श नगर निवासी चंदन निषाद के घर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा फरवरी माह में महेवा पश्चिम निवासी पवन निषाद के घर पर हाथ साफ कर दिया था।

## रोजा इफ्तार मे समाजसेवियों ने लोगों को मतदान के प्रति किया जगरूक



प्रयागराज। प्रयागराज में इलाहाबाद- फूलपुर संसदीय क्षेत्र सीट से लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बढ़े इसको लेकर सभी धर्मों से जुड़े समाजसेवियों ने रोजा इफ्तार मे पहुंच कर मतदान अवश्य करे का संदेश दिया। समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने का सभी को संकल्प लेना होगा और वोटिंग के लिए मतदान स्थल जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा।समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह लोगों के घर-घर जाकर गंगा-जमुनी तहजीब और एकता की मिसाल पेश करते हुए सोए हुए वोटरों को जागरूक करने के लिए प्रयासरत हैं। एकता शक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष निगहत खान ने कहा कि संगमनगरी में वोटिंग का प्रतिशत इस बार बहुत अच्छा होगा क्योंकि हम सब लोग प्रयासरत हैं स्कूल-कालेजों और चौक-चौराहों पर नुक्कड़ नाटक व छात्र-छात्राओं,आमजन के मध्य जागरूक करने का काम बहुत ही मनोहर ढंग से हो रहा है सभी धर्मों से जुड़े हुए समाजसेवियों ने घर घर जाकर तीर्थराज प्रयाग के वोटरों को जागरूक कर शत प्रतिशत वोटिंग बढ़ाने को लेकर लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील कर रहे है। जन जागरूकता अभियान विशेष रूप से निगहत खान, हफिज अहमद,मो.आजाद खान, यासमिन,रुखसार बेगम,हरमनजी सिंह,दलजीत कौर,राजेश,सरदार पतविंदर सिंह सहित कई देशभक्त उपस्थित रहे।

## गंगा महासभा की बैठक में मां गंगा की दयनीय दशा पर चिन्ता

**नैनी।** नैनी गंगा महासभा प्रयागराज की मासिक बैठक लोकपुर नैनी मे जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित गंगा भक्तों ने मां गंगा की दयनीय दशा पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहाकि रोक के वावजूद प्रदूषित पानी गंगा यमुना में गिराया जा रहा है। साथ ही न्यायालय आदेश के विपरीत बाढ़ क्षेत्र में प्रशासन की मिली भगत से अवैध निर्माण भी हो रहे हैं जो चिन्ता का विषय है। अगली बैठक नगर क्षेत्र के भरद्वाज आश्रम में आयोजित करने पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से गंगा महासभा के प्रदेश महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री शक्ति कृष्ण त्रिपाठी, महामंत्री संगठन गजेन्द्र प्रताप सिंह, शिव शंकर पांडेय, प्रवीण तिवारी, जितेन्द्र सिंह, आशुतोष मिश्र आदि ने विचार व्यक्त किया।

# कौड़िहार बीईओ ने बंद कराया अमान्य विद्यालय, बच्चे हुए स्थानांतरित



**लालगोपालगंज।** फर्जी ढंग से विद्यालय चलने वाले प्रबंधकों की अब खैर नहीं। विभागीय अधिकारियों ने ऐसे स्कूलों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सोमवार को क्षेत्र में संचालित एक अमान्य विद्यालय को खंड शिक्षा अधिकारी ने बंद कराते हुए दूसरे विद्यालय में बच्चों को स्थानांतरित कराया है। श्रृंगवेरपुर ब्लॉक के मटियार गांव में हंस वाहिनी के नाम से विद्यालय संचालित हो रहा था। जिसमें छात्र एवं छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ न होने को गंभीरता से लेते हुए कौड़िहार खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडे ने सोमवार को विद्यालय पहुंचकर बंद करा दिया। विद्यालय प्रबंधन को चेतावनी दिया कि यदि विद्यालय पुनः संचालित होता हुआ पाया गया तो जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। विद्यालय में नामांकित छात्र एवं छात्राओं के भविष्य को देखते हुए उन्हें दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कराया गया। गौर तलब बात यह है कि क्षेत्र में अभी भी कई ऐसे विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जिसकी कोई मानता नहीं है। इसके अतिरिक्त पांच तक की मान्यता वाले विद्यालय आठ तक संचालित हो रहे हैं। यही नहीं कुछ कॉलेजों ने माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता लेकर प्राइमरी और जूनियर की भी कक्षाएं धड़ल्ले से संचालित कर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों की सूची खंड शिक्षा अधिकारी के पास मौजूद है। खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडे ने बताया कि ऐसे अमान्य विद्यालयों के विरुद्ध अभियान चला कर उनमें भी ताला लगवाया जाएगा। ब्लॉक में एक भी अमान्य विद्यालय संचालित नहीं होंगे। बीईओ ने अभिभावकों से अनुरोध किया है कि फर्जी विद्यालयों में अपने बच्चों का नामांकन करा कर उनका भविष्य चौपट न करें।

## न्यूज झरोखा

### आग से झुलसी पूजा प्रजापति व गाय की कुशलता जानने डा संगम मिश्र पहुंचे पीड़िता के घर दिया इलाज कराने का आश्वासन



**प्रयागराज।** यमुनापार क्षेत्र के नीबी ग्राम निवासी फूलचंद्र प्रजापति के घर विगत दिनों हुई आगजनी की घटना में उनका घर जल जाने एवं उनकी 12 वर्षीय बेटी पूजा प्रजापति के साथ साथ एक गाय बुरी तरह झुलस जाने की जानकारी पर क्षेत्र भ्रमण में प्रचार प्रसार के दौरान यमुनापार के जन जन के प्रिय वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाज सेवी डॉ संगम मिश्र पीड़ित परिवार से मिलकर कुशलता जाना और बच्ची के इलाज हेतु स्वरूप रानी के वरिष्ठ चिकित्सक को निर्देश दिया साथ ही घायल गाय के इलाज हेतु समुचित व्यवस्था करवाई। उन्होंने ग्राम प्रधान सोनू पांडेय से अनुरोध करते हुए कहा कि समय समय पर वे पीड़ितो निगरानी करते रहें और गंभीर रूप से झुलसी पूजा की कुशलता की जानकारी भाजपा नेता को देते रहे। इस मौके पर प्रजापति के परिवार के भोला प्रजापति, मुनीम प्रजापति राजू गुप्ता, राज किशोर पाण्डेय, एस के तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी, शंकर देव त्रिपाठी प्रांत संस्कृत प्रमुख, दिलीप शुक्ल पूर्व प्रभारी गुले भारतीय, संदीप हरिजन, हरिजन नेता राजाराम चौधरी, अमरेश तिवारी, उमेश जी, घनश्याम आदि के अलावा कई अन्य ग्राम वासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पीएसी दारोगा के सम्मान समारोह में उमड़ा जन समूह




**फाफामऊ।** पीएसी के सेवानिवृत्ति दरोगा महारानी दीन सरोज का स्वागत समारोह सोमवार को फाफामऊ स्थित वैशाली गेस्ट हाउस मेंआयोजित किया गया। दारोगा के सम्मानित समारोह में जन समूह उमड़ा रहा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के रानीगंज विधायक आरके वर्मा रहे। उन्होंने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह पुलिस अपने सेवाकाल में रहते हुए निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करती है वह काबिले तारीफ है। सम्मान समारोह को कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। सम्मान समारोह में संचालन सभा के अध्यक्ष नंद लाल सरोज, सपा के प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल, पूर्व मंत्री बाबूलाल भंवरा, महेंद्र कुमार, शिव शंकर सरोज, सुरेंद्र पासी, श्याम बाबू गुप्ता, मंशु केसरवानी, गोलू सिंह, तुलशीराम सरोज, मनोज कुमार माही, विनय यादव, जयराम सरोज, बिंद्रेश यादव, आशीष पासवान, भीम सिंह, संजय सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### स्कूली बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गय




**नैनी।** नैनी लोकपुर में स्कूली बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गय वंदना कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल लोकपुर के नन्हे बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद मयंक यादव एवम शैलेंद्र मौर्या क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा, जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, काशी उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सरदार पतविंदर सिंह, स्कूल प्रबंधक अनुज सिंह परिहार, सुधीर प्रजापति, सुनील कुशवाहा, प्रदीप कुमार तिवारी, अध्यापिका नेहा मिश्रा एवम अभिभावकगण उपस्थित रहे। पार्षद मयंक यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की इस वैज्ञानिक विधि को बच्चे बड़े स्तर पर आगे बढ़ाकर विद्यालय समाज अपने माता पिता और देश का नाम ऊंचा करेंगे।

### शत-प्रतिशत मतदान का किया आह्वान




**प्रयागराज।** मतदाता जागरुकता को निरंतर चलाए जारहे अभियान के क्रम में सोमवार को जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डीआईओएस पीएन सिंह, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक एलबी मौर्य, धर्मेंद्र कुमार सिंह, डा. प्रभाकर त्रिपाठी, बीएस यादव, जिला अपराध निरोधक कमेटी के सचिव संतोष कुमार, अजीत सिंह डा. एसएम सिंह, अभिषेक यादव, निशिकांत श्रीवास्तव, संदीप सोनी शामिल हुए। डीआईओएस ने सभी लोगों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील की और जनपदवासियों को विभिन्न माध्यमों से जागरुक करने का आह्वान किया। अंत में डीसीपीसी के सचिव संतोष कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का अनुरोध किया।

### काजीपुर के मोहल्ले वासियों ने जलकल विभाग में पहुंचकर आक्रोश जताया



**नैनी।** नैनी काजीपुर के कई मोहल्लों में पिछले एक सप्ताह से पेयजल की समस्या से जूझ रहे लोगों ने सोमवार को जलकल विभाग में पहुंचकर आक्रोश जताया। वार्ड 67 काजीपुर नैनी के सरयू नगर एवं प्रेम नगर क्षेत्र में विगत सात दिनों से जलापूर्ति पूर्णत बाधित है। इसके कारण लोगों को गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को मोहल्ले वासियों द्वारा जलकल विभाग कार्यालय पर इकट्ठा होकर जिम्मेदार अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। साथ ही ज्ञापन देकर चेतावनी दी गई कि यदि समस्या दूर नहीं की गई तो जलकल विभाग में तालाबंदी की जायेगी। इस दौरान रामजी मिश्र, शिवदानी सिंह, शशि सिंह, विनय सिंह, लवकुश सिंह, प्रभात सिंह, दीपेंद्र सिंह, संतोष सिंह, नागेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, सुरेश यादव, सिलवंत सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग की दी जानकारी

**झूंसी।** इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड की पहल पर इंडेन वितरकों द्वारा इंडियन ग्राहकों को एलपीजी सिलेंडर द्वारा संभावित दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी दी गई। इस अभियान के दौरान इंडियन गैस वितरकों के अधिकृत कर्मचारी ग्राहकों के रसोई में सिलेंडर, रेगुलेटर, गैस चूल्हा और होज पाइप की जांच करेंगे साथ ही एलपीजी के सुरक्षित उपयोग और किसी संभावित दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी एवं दिशा निर्देश भी ग्राहकों से साझा करेंगे। जानकारी देते हुए मोहित मिश्रा ने 5 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके हैं पाइप को बदलने के लिए ग्राहकों से सलाह दी।

# बनवारी लाल कंछल पहुंचे बेल्हा, व्यापारियों ने किया स्वागत

## व्यापारियों की सुनी समस्याएं, दिया समाधान का आश्वासन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय व प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का आगमन शहर में जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के प्रतिष्ठान वृन्दावन केदारनाथ चैक बजाजा रोड पर हुआ। यहां उन्होंने चारों कमेटी के पदाधिकारी व व्यापारियों के साथ बैठक कर व्यापारिक समस्याओं की जानकारी ली।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी एवं संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया। जिसपर उपस्थित व्यवसायियों ने व्यावसायिक संबंधित सबसे बड़ी समस्या 45 दिनों में बकाया टर्नओवर न होने पर वह धनराशि का आयकर जोड़ लेना घोर अन्याय व अनुचित बताते हुए कहा कि इसपर सरकार पुनर्विचार कर इस नियमन को स्थगित करें।



प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल का स्वागत करते व्यापारी।

दूसरी समस्या गाड़ियों के चालान का कोटा पूरा कराने के लिए चालान अत्याधिक होने से व्यापारियों व आम जनमानस का उत्पीड़न हो रहा है। तीसरी समस्या यह कि जनपद में पूर्व की भांति रंगदारी की समस्या पर अंकुश लगा परंतु माफियाओं के रंगबाजी में दिनोदिन बढ़ोत्तरी होती जा रही है। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन ट्रेडिंग से व्यवसायियों के दुकानदारी धूं-धूंसित होती जा रही है जिस पर सरकार ध्यान दे अन्यथा वह दूर नहीं जब व्यवसाई व्यवसाय बंद कर सड़कों पर रोजगार मांगते नजर आएंगे। अंत में व्यापारियों ने कहा कि वह देश के अर्थ व्यवस्था की रीढ़ हैं फिर भी कई विभागीय अधिकारी उनका सम्मान ना कर उनकी उपेक्षा करते हैं। उपरोक्त समस्याओं को सुनकर कंछल ने सभी समस्याओं को प्रांतीय स्तर से निवारण हेतु सरकार को अवगत कराएंगे। इसके बाद कंछल का प्रेसवार्ता संपन्न हुआ जिसमें उन्होंने पत्रकार बंधुओ द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों का न्यायोचित उत्तर दिया। उपरोक्त बैठक में प्रमुख रूप से अभय खांडेलवाल, सुरेश चांद्र केसरवानी, प्रमोद केसरवानी, संजय झालानी जगदीश मौर्य, राहुल केशरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, सुधीर कसारवानी नारायण खंडेलवाल शिवम केसरवानी प्रदीप यादव प्रवीण केसरवानी मनीष केसरवानी गुंजन राहुल गुप्ता राजीव केसरवानी विष्णु सिंह सोमवंशी शकील अख्तर राकेश केसरवानी अशीष सिंह राजू केसरवानी अली हुसैन सौरभ प्रकाश सन्तोष उमरवैश्य रामपुर व्यापार मंडल से संजय मिश्रा, अमित कुमार उमरवैश्य, लक्ष्मीपुर से शनि गुप्ता और देल्हूपुर व्यापार मंडल से अब्दुल्ला, कौशलेंद्र कुमार, विपिन सिंह, अनिल कुमार शर्मा आदि अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे।

## उद्यमी व युवा व्यापारी हर जिले में निडर होकर चला रहे उद्योगः कंछल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल प्रतिनिधिमण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने आज उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी के आवास पर पत्रकारों को बताया कि पांच जुलाई 2019 को दस लाख रुपये की सरकार ने व्यापारियों को दुर्घटना बीमा देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। जबकि पिछले 75 वर्षों से व्यापारी इसकी मांग कर रहा था। इसके अलावा 60 वर्ष के ऊपर के व्यापारियों को अब तीन हजार प्रतिमाह पेंशन देने का निर्णय हो चुका है। प्रांतीय अध्यक्ष ने कहा कि रेड़ी पटरी वाले गरीब दुकानदारों को प्रत्येक जनपद में नये बाजार स्थापित कर कम दामों पर दुकानें उपलब्ध कराई गई हैं। 40 लाख प्रतिवर्ष से कम बिक्री वालों को जीएसटी मुक्त कर दिया गया है। दिया गया है। पत्रकारवार्ता में जिला महामंत्री संजय सोनी, अभय खण्डेलवाल, सुरेश चंद्र केसरवानी, प्रमोद केसरवानी, संजय झालानी, जगदीश मौर्य, राहुल केसरवानी, सरदार कुलदीप सिंह, नारायण खण्डेलवाल, शिवम केसरवानी, विष्णु सिंह सोमवंशी, राहुल गुप्ता, शकील अख्तर, अली हुसैन, सौरभ प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## मान्यता विहीन स्कूलों पर बीएसए ने कार्रवाई का दिया निर्देश

### संचालन बंद कराते हुए कराएं एफआईआर, बीईओ को जारी किया पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मान्यता विहीन स्कूलों के संचालन को तत्काल प्रभाव से बंद कराते हुए उनके प्रबंधकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं। उक्त निर्देश बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया है। बीएसए की कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के सभी मान्यता विहीन स्कूलों के संचालनकर्ताओं के बीच हड़कंप का माहौल बन गया है।

बता दे कि स्थानीय क्षेत्र में बगैर मान्यता के संचालित स्कूलों पर कोई ठोस कार्रवाई न होने की खबर को प्रकाशित किया तो शिक्षा विभाग में हलचल मच गई। खबर को बीएसए ने गंभीरता से लेते हुए जिले के सभी बीईओ को मानक व मान्यता विहीन स्कूलों के संचालन को तत्काल प्रभाव से बंद कराने का निर्देश दे दिया। यही नहीं शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रबंधकों के विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराएं। बीएसए की इस कार्रवाई से क्षेत्र में संचालित बगैर मान्यता के स्कूल संचालकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। मान्यता विहीन स्कूलों पर कार्रवाई हुई तो परिषदीय स्कूलों में छात्रों की संख्या का बढ़ना निश्चित है। बीएसए की कार्रवाई के निर्देश को लेकर लोग सराहना करते हुए दिखाई दिए। इस संबंध में बीएसए ने कहा कि बीईओ से रिपोर्ट मांगी गई है। मान्यता विहीन स्कूलों पर कार्रवाई होना तय है।

## भूमि धरी में विपक्षी जबरिया कर रहे कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ा मुरार पट्टी गांव में भूमि धरी में दबंगई के बल कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की गई। मामले की नामजद तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। गांव की रहने वाली प्रभू देवी विधवा महिला है। आरोप है कि उसके भूमि धरी में दबंगई के बल विपक्षियों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया जा रहा है। जिसका विरोध करने पर विपक्षी उसके साथ मारपीट करने लगे। शोर-शराबे पर बीच-बचाव करने उसकी बहू आई तो उसे भी लाठी-डन्डे से विपक्षियों ने पीटकर घायल कर दिया।पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस समेत उच्चाधिकारियों से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मदनमोहन मालवीय पीजी कालेज के सात छात्र छात्राओं का हुआ कैम्पस प्लेसमेंट

## कालेज के स्टॉफ के साथ छात्र छात्राओं के चेहरे पर खिली उठी मुस्कान

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मदनमोहन मालवीय पी.जी. कालेज कालाकाँकर के बी.एस सी. कृषि एवं बी.कॉम अन्तिम वर्ष में अध्यरत्न सात छात्र छात्राओं का चयन इण्यिा फर्स्ट लाइफ कम्पनी द्वारा किया गया।

कम्पनी द्वारा कुल 67 छात्र छात्राओं में से त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया क्रमशः समूह परीक्षण, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से आदित्य साहू, आकाश अग्रहरि, दिलीप कुमार, आकाश पुष्पाकर, अंशिका श्रीवास्तव, आवेश साहू तथा तरुण मौर्य को अन्तिम रूप से चयनित किया गया। इस अवसर पर राजभवन कालाकांकर के प्रबन्धक डॉ घनश्याम यादव एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. शिवम श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुए उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर प्रो रामकरन, प्रो आशुलता, प्रो सूर्यभान सिंह, प्रो एस के सिंह प्रो अनुराग, प्रो डी सी आनंद, सर्वेश सिंह सहित कालेज के सभी स्टॉफ ने कैम्पस प्लेसमेंट मे सभी चयनित छात्रों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना किया।



कालेज के प्राचार्य व स्टॉफ के साथ कैम्पस प्लेसमेंट छात्र।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 अमित कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0न0 2292/2015 धारा 323, 504, 498ए भादवि थाना रानीगंज से सम्बन्धित एनबीडब्लयू वारण्टी अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र राधेश्याम नि0ग्राम ससंरियापुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## आरोपी के खिलाफ धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने स्कूल के प्रबंधक को फोन पर धमकी देने के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के हण्डौर पूरे शुक्लान निवासी अभय शुक्ला पुत्र दिवाकर प्रसाद शुक्ल डॉ0 कलाम आधार शिला एकेडमी के प्रबंधक हैं। बीते एक अप्रैल सुबह साढ़े दस बजे मोबाइल फोन पर अज्ञात नम्बर से उन्हें अज्ञात आरोपी ने गालियां देते हुए जानलेवा धमकी दी है। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी हैं। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीती पांच अप्रैल को केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष का कहना है तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

# लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे

## गाजे बाजे के साथ निकली मतदाता जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/लालगंज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय खजुरनी के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को प्राथमिक शिक्षक संघ सदर के मंत्री राजीव गुप्ता के नेतृत्व में निकाला गया।

उन्होंने कहा कि हमे शत प्रतिशत मतदान करके अपने देश का लोकतंत्र मजबूत करना है जिसमें आमजनों की सहभागिता होना आवश्यक है। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय खुजरनी की इंचार्ज सहायिका सुमन त्रिपाठी, शिक्षक राकेश कनोजिया, ज्ञान प्रकाश कनोजिया, अरविंद सरोज, हरिकेश श्रीवास्तव, महेंद्र पांडेय मौजूद रहे। लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार को विकास क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल सराय जानमती के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह के निर्देश के क्रम में लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को मतदान के बारे में जानकारी दी गई तथा उनसे मतदान करने का आग्रह किया गया और बताया गया मतदान उनका अधिकार है। सही प्रतिनिधि चुनने के लिए इसका प्रयोग करें। लोकतंत्र हो तभी महान,सब करें जहां मतदान। छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान। वोट डालने जाना है, अपना फर्ज़ निभाना है। लोकतंत्र का सम्मान करेंगे, निर्भय होकर मतदान करेंगे आदि नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। बता दें कि आगामी लोकसभा निर्वाचन में नागरिकों द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक आशा रानी, सहायक अध्यापक संजीव द्विवेदी, प्रदीप सिंह, संजय कुमारी, कुबेर जायसवाल, निशा देवी आदि मौजूद रहीं।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्कूली बच्चें।

# सजाये गये देवी मंदिर, नवरात्र आज से

## बेल्हा देवी मंदिर पर रहेगी कड़ी सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** देवी का आराधना का प्रमुख पर्व नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। इसे लेकर देवी मंदिरों को आकर्षण ढंग से सजाया गया है। सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किये गये हैं। नगर स्थित बेल्हा देवी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बैरीकेटिंग करा दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक जिले में प्रमुख रुप से भगवती देवी की चार शक्ति स्थल है। इनमें प्रमुख रुप से चैहर्जन स्थित बाराही धाम, नगर क्षेत्र में स्थित बेल्हा देवी धाम, सण्डवा चण्डिका में स्थित चन्द्रिकन धाम तथा मानिकपुर में ज्वालामुखी देवी धाम है। इन चारों स्थलों पर नवरात्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। इस दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो सके, इसके लिये जिलाधिकारी संजीव बंसल ने अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया है। इसके अलावा सभी क्षेत्राधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को क्षेत्र में भ्रमण करने का निर्देश दिया है। बेल्हा देवी धाम पर विशेष नजर रखी जा रही है। यहां मंदिर परिसर में वाहनों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए बैरीकेटिंग करा दी गयी है। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। विद्युत की आकर्षक झालरों की सजावट श्रद्धालुओं का मन मोह रही है। मंदिर परिसर के बाहर नारियल, चुनरी व प्रसाद की दुकानें सजी हैं जिसे लेकर माहौल भक्तिमय बना हुआ है। मंदिर परिसर में लगातार पुलिस बल तैनात किया गया है। उधर नगर पालिका द्वारा प्रकाश, साफ-सफाई तथा पेयजल की उपलब्धता व्यवस्था को सुनिश्चित कराया गया है। इसके अलावा वासंतिक नवरात्र पर चामुण्डा धाम बिहार, मठनदेवी कस्बा संग्रामगढ़, मां भद्रकाली देवी बाबागंज, फूलमती देवी बिसहिया, माता मइया धाम परियावां व नायर देवी हीरागंज को सजाया गया है।



बेल्हा देवी परिसर में श्रद्धालुओं के लिये की गई बैरीकेटिंग।

## अवैध देसी बम के साथ गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना हथिगवां के उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह उ0नि0 प्रिंस तिवारी देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र हथिगवां के खम्हा मोड़ के पास से उक व्यक्ति अरविन्द कुमार पाल पुत्र हरीलाल पाल नि0ग्राम सरायसैद खां थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को चार अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना हथिगवां में मु0अ0सं0 74/2024 धारा 4/5 विस्फोटक अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# भगवान के प्रति भावपूर्ण होना चाहिए निर्मल समर्पणः गोविन्द भाई

**अखंड भारत संदेश**

### अझारा में श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं ने लगाए मानस गंगा में गोते

**लालगंज-प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के अझारा वार्ड में सामूहिक श्रीराम कथा में कथाव्यास गोविन्द भाई जी ने कहा कि भगवान घट-घट में हैं। उन्होंने कहा कि भगवान उन्हें ही कृपाफल से अभिसिंचित किया करते हैं जो भगवान को भाव के रूप में स्वीकार किया करते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान के प्रति श्रद्धा भाव से समर्पित हों तो भगवान मनुष्य को भवसागर से पार लगाया करते हैं।

पड़ोसी जिले रायबरेली के जगतपुर श्रीपति पीठ से पधारे कथाव्यास गोविन्द भाई ने कहा कि श्रीरामचन्द्र जी भगवान ने अपने अवतार में धर्म की रक्षा के लिए नीतिपथ पर हमें आगे बढ़ने की सतत प्रेरणा दे रखी है। उन्होंने कहा कि कथा को सुनने से जीवन के सभी संताप मिट जाया करते हैं। श्रीराम चरित मानस के लंका काण्ड की चैपाई का मार्मिक वर्णन करते हुए गोविन्द भाई ने कहा कि भगवान की कथा का इतना महत्व है कि त्रेतायुग में देवाधिदेव महादेव ने भी आदिशक्ति मां पार्वती के साथ कुम्भज महाराज की स्वयं कथा का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि मां आदिशक्ति के सतीत्व में नारी की शक्ति उसके चरित्र निर्माण का पथ प्रदर्शन है। कथा के दौरान संगीतमयी भजन संकीर्तन में श्रद्धालु हरे-रामा, हरे कृष्णा..... के मनमोहक नाम जाप में भी रमे दिखे। कथा के संयोजक आशीष मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन किया। वहीं संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की ओर से कथा व्यास गोविन्द भाई का माल्यार्पण एवं धार्मिक ग्रन्थ प्रदान कर सारस्वत सम्मान किया। संचालन अधिवक्ता पं0 गिरिजाकान्त द्विवेदी ने किया।

## दो बाईकों में आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर, तीन युवक हुए घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस घायलों को भिजवाया अस्पताल गंभीर हालत के चलते एक युवक को गंभीर हालत के चलते जिला मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के कोहडौर पट्टी मार्ग पर पूरेदेवजानी मोड़ के पास दो बाइको में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। रविवार देर रात नौ के आस-पास अंतिम दुबे राममूरत दुबे भदौना थाना कंधई व साथी राजकुमार वर्मा के साथ तहसील मुख्यालय बाइक से आ रहा था। अभी वह भदौना मोड़ के पास पहुंचा था कि इसी बीच रंजीत आ रहा था। जिसमें दोनों बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पर बैठे तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर 112 पुलिस पहुंचकर घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। जहां से गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने जिला मेडिकल कॉलेज एक युवक को रेफर कर दिया।

# मतदान कार्मिकों को अफीम कोठी सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

## 25 मई को प्रतापगढ़ में होगा लोकसभा चुनाव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं नवनीत सेहारा मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक के नेतृत्व में दो पालियो में जोनल एवम सेक्टर मजिस्ट्रेट की प्रशिक्षण कार्यशाला अफीम कोठी प्रतापगढ़ के सभागार में प्रारम्भ हुई।



मतदान कार्मिकों को जानकारी देते अधिकारी।

प्रशिक्षण में सुपर मास्टर ट्रेनर्स के रूप में डॉक्टर विंध्याचल सिह, डॉ मोहम्मद अनीश एवं एआरपी धर्मेंद्र ओझा रहे। टेक्निकल मास्टर ट्रेनर के रूप अशोक शुक्ला एवम नसीमुद्दीन रहे। प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। सभी जोनल मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी गंभीरता से इस प्रशिक्षण को प्राप्त करें जो भी जिज्ञासाएं हैं उसका समाधान यहीं पर कर लें चुनाव के दिन कोई भी शंका आपके मन में नहीं रहनी चाहिए। बूथ पर मतदान कार्मिक के अतिरिक्त किसी के पास मोबाइल नहीं रहेगी। आप अपने सेक्टर एवं जोन में भ्रमण सील रहेंगे। आपकी तत्परता ही चुनाव सकुशल संपन्न कराने में विशेष महत्वपूर्ण रहेगी। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी त्रिभुवन विश्वकर्मा, अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आप सभी बहुत अनुभवी हैं।

अपने पूर्व ज्ञान का अनुभव और नवीन ज्ञान को जोड़ते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि अच्छे से अच्छा मतदान संपन्न करवा सकें। इस बार चुनाव में एम पी एस ऐप का आपको प्रयोग करना है जिसका मतलब है मतदाता प्रतिशत संकलन। इस अवसर पर विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मंजू वर्मा उपनिदेशक एवं प्राचार्य अफीम कोठी प्रतापगढ़, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह, डॉक्टर विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज कांपा प्रतापगढ़, रुपेश शुकला प्रिंसिपल आईटीआई कुंडा, राहुल शर्मा, जे पी चैधरी, नीरज मिश्रा और प्रशिक्षु कार्मिक उपस्थित रहे।

## जिले के युवक की मुंबई में ुई मौत, मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव के रहने वाले युवक की मुंबई शहर में मौत हो गई। सूचना जब परिजनों को मिली तो परिजनों में कोहराम मच गया। गांव का रहने वाला देवानंद उपाध्याय पुत्र श्रीकांत रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई शहर में रहता था। वह नहाने के लिए तालाब में गया था जहां पर डूबने से उसकी मौत हो गई। मृतक की 2 वर्ष पूर्व शादी हुई थी मृतक की पत्नी का जहां रो-रो कर बुरा हाल है तो वही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# मतदाता जागरूकता बाइक रैली को सीडीओ ने किया रवाना

## ग्रामवासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया व सभी को मतदाता शपथ दिलायी

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डा. रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में आज विकास खण्ड-कौशाम्बी की ग्राम पंचायत-कोसम ईनाम की पंचायत भवन में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समूह की महिलाओं के साथ-साथ लगभग 300 की संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहें। समूह की महिलाओं द्वारा रंगोली बनाकर जनपद के मतदाताओं को 20 मई को अवश्य मतदान करने के लिए जागरुक किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने समूह की महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उपस्थित ग्रामवासियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया व सभी को मतदाता शपथ दिलायी। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया कार्यक्रम का संचालन खण्ड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने किया। कार्यक्रम में सहायक विकास- अधिकारी (पं०), समाज कल्याण आईएसबी कृषि व विकास खण्ड के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



# मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम का दिया गया प्रशिक्षण

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम से सम्बन्धित दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भली-भाति ईवीएम का प्रशिक्षण प्राप्त किया जाय,किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। ट्रेनर उमेश विश्वकर्मा मनोज सिंह तथा दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम की सीलिंग, स्पेशल टैग लगाना, वीवीपैट को संचालित करना तथा वीवीपैट, बैलेट यूनिट व कन्ट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करने,मॉकपोल एवं वास्तविक मतदान आदि का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर प्रभारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0/प्रभारी ईवीएम हरवंश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आधी रात को दरवाजा तोड़कर घर के भीतर घुसे चौकी इंचार्ज ने जमकर मचाया उत्पात

**4 दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महिला के फरियाद करने से खार खाए बैठे थे चौकी इंचार्ज**

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के अवाना आलमपुर के चौकी प्रभारी शिवचरण दो सिपाहियों के साथ 4 अप्रैल की रात्रि में दस्सी पत्नी विजय लाल निवासी कासिमपुर माजरा रसूलपुर सोनी के घर में दरवाजा तोड़कर घुस गए पुलिस टीम द्वारा गाली गलौज करते हुए परिजनों को जमकर पीटा गया गरीब के घर में छावनी के लिए लगे सीमेंट के पतरा को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया पुलिस टीम की पिटाई से दस्सी के शरीर के कई अंगों में चोट लगी है मामले की सूचना पीड़ित महिला ने थाना पुलिस को दिया लेकिन अपने ही चौकी इंचार्ज के उत्पात के मामले में थाना पुलिस कैसे मुकदमा दर्ज कर ले जिससे महिला को न्याय नहीं मिल सका जिस पर महिला फिर 6 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँची और चौकी इंचार्ज अवाना आलमपुर के उत्पात की कहानी बताते हुए चौकी इंचार्ज पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि 30 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित होकर उसने गांव के दयाराम पुत्र दुखी आदि के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था यह बात चौकी इंचार्ज को ठीक नहीं लगी कि तुम पुलिस अधीक्षक कार्यालय कैसे पहुंच गयी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत करने से खार खाए चौकी इंचार्ज ने 4 अप्रैल की रात्रि में अपने पुलिस टीम के साथ महिला के घर का दरवाजा खुलवा रहे थे जब महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो चौकी इंचार्ज ने पुलिस टीम के साथ मिलकर दरवाजा तोड़ दिया और अंदर घुस गए महिला को जमकर मारा पीटा गया है पुलिस की पिटाई से महिला कराहने लगी घर में तोड़फोड़ कर मोबाइल लेकर के पुलिस टीम वापस लौट आई है आखिर आधी रात को दरवाजा तोड़कर के घर के भीतर घुसकर मारपीट करने वाले चौकी इंचार्ज और उनके सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय मामले को टाल मटोल करने की कोशिश थानेदार द्वारा क्यों की जा रही है क्या पुलिस अधीक्षक कार्यालय में फरियाद करना गुनाह हो गया है पुलिस अधीक्षक से फरियाद करने के बाद यदि चौकी इंचार्ज इस तरह खार खाएंगे रंजिश मानेंगे तो कैसे आम जनता को न्याय मिलेगा।

# नाबालिक किशोरों को मार मार कर ठेकेदार ने कराया काम पिता को बनाया बंधक

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव की रेश्मी पत्नी मिश्री लाल ने बताया कि मेरे दो नाबालिग बेटों और पति को गांव के रहने वाला ठेकेदार गोलू कंचन व गोलू का साला राजाबाबू मजदूरी कराने के लिए महोबा रेलवे स्टेशन पर बुला ले गए वहां पर जाने के बाद उन लोगों को मारपीट कर जबरन काम कराया जाने लगा। विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा उनके साथ मारपीट की है किसी तरह चोरी छिपे दोनों किशोर वहां से निकल भागे और घर आकर सारी बात माँ को बताई जिसके बाद परिजनों द्वारा मामले की शिकायत स्थानीय थाना में की है। दोनों किशोर का आरोप है कि उनके पिता को अभी तक महोबा रेलवे स्टेशन पर बंधक बनाकर रखा गया है। महिला का कहना है कि उसके पति मिश्री लाल को अधिक पैसे का लालच देकर गांव के रहने वाले गोलू कंचन व गोलू का साला राजाबाबू महोबा जिले में काम कराने के लिए बुला ले गए थे उनके साथ उसके दो नाबालिग लड़के भी गये थे उक्त लोगों द्वारा मजदूरी का पैसा भी नही दिया गया और पति को बंधक बना लिया गया है।

# जल जीवन मिशन का दो बंडल पाइप जलकर खाक

अखंड भारत संदेश

**50 हजार के नुकसान पर कंपनी 25 लाख रुपए नुकसान का कर रही दावा**



**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव जल जीवन मिशन के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए खुले आसमान के नीचे रखे गए चार बंडल पाइप में अचानक आग लग गई जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे कंपनी के लोगों ने दो बंडल पाइप को बाहर निकाल लिया है और दो बंडल पाइप जलकर नष्ट हो गया है आग से जले पाइप की कीमत लगभग 50 हजार रुपए बताई जाती है जबकि कंपनी के लोगों ने 25 लाख रुपए के नुकसान का दावा किया है खुले आसमान के नीचे जल निगम के पाइप में लगी आग को बुझा दिया गया है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बरई बंधवा गांव में जल जीवन मिशन के हर घर नल योजना के तहत पानी की सप्लाई के लिए पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है सोमवार की दोपहर अचानक खुले आसमान के नीचे रखें 4 बण्डल पाइप में आग लग गई आग लगने की जानकारी कंपनी के लोगों को लग गई तो मौके पर पहुंचे कंपनी के लोगों ने दो बंडल पाइप को बाहर निकाल लिया है जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक दो बण्डल पाइप जल गया कंपनी के लोगों का कहना है कि जिससे कंपनी को लगभग 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है जबकि दो बंडल पाइप की कीमत 50 हजार रुपए बताई जाती है आखिर कंपनी के लोग इस अग्नि कांड के पीछे इतना बड़ा झूठ क्यों बोल रहे हैं इसके पीछे उनकी कौन सी साजिश छिपी हुई है कल्पतरु कंपनी के साईट इंजीनियर की सूचना पर पहुंचे कम्पनी के सहायक एडमिन भंवर सिंह ने घटना की जानकारी करारी थाना पुलिस को दी है,पुलिस मामले की जांच में जुट गई है इस अग्निकांड की यदि पुलिस ने निष्पक्षता से जांच की तो अग्निकांड की घटना में नुकसान के बाबत झूठ बोलने वाले कंपनी के साजिश का बेनकाब होना तय है।

# सिर पर कलश रखकर आनंदी माता के भक्तों ने निकाली भव्य कलाश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**आनंदी माता मंदिर पकसराई में श्रीमद् भागवत कथा का शुरू हुआ आयोजन**



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पकसराई स्थित आनंदी माता मंदिर के महिला पुरुष भक्तों ने सिर पर कलश रख कर सोमवार के दिन क्षेत्र में भ्रमण किया है माता के जयकारा से क्षेत्र गूंज रहा था वैदिक मंत्रो से कलश की विधि विधान से पूजा कर पवित्र गंगा नदी का जल भरकर कलश यात्रा का आरंभ हुआ आनंदी माता के मंदिर से शुरू हुई इस कलश यात्रा में शामिल महिला पुरुष भक्तों ने मां का जयकारा लगाते हुए क्षेत्र में भ्रमण किया है आनंदी माता मंदिर के स्थान पर श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 09 अप्रैल से कथा व्यास पूज्य कृपा शंकर शास्त्री जी महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से 15 अप्रैल तक लगातार शाम 4:00 से 7:00 तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा संत प्रेमदास उर्फ पप्पू और पुजारी बाबा मानसिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को पकसराई स्थित आनंदी माता मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

# बहु ने पिता के साथ मिलकर सास को डंडों से पीटकर किया चोटिल

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पट्टीनरवर गांव में वृद्ध महिला मालती देवी पत्नी स्व.भैया लाल को उसकी बहू ने अपने पिता के साथ मिलकर डंडों से पीट दिया जिससे महिला के हाथ पैर व शरीर में चोट आई है, लहुलुहान हालत में महिला न्याय के लिए संदीपन घाट थाने पहुंची और पुलिस से मामले के बारे में बताया और न्याय की गुहार लगाई। बृद्ध महिला मालती की दो बहुएं कुसुमी और शान्ति देवी ने सुबह पानी भरने के लिए आपस में विवाद किया सास मालती देवी ने दोनो को समझाया और मामले को शान्त करवाने का प्रयास किया किन्तु जब कुसुमी बाजार चली गई तो शान्ति देवी ने अपने पिता बुधाई को बुलाकर घर आई। और सास मालती देवी को गाली गलौज देने लगी मालती देवी ने जब विरोध किया तो बुधाई उसकी बेटी शांतिदेवी ने सास मालती देवी को डंडों से बेरहमी से मारपीट कर चोटिल कर दिया जिससे महिला का हाथ लहुलुहान हो गया। उसके बाद शान्ति देवी की बहन लालती देवी ने भी महिला को डंडों से मारा पीटा जिससे मालती देवी के शरीर में चोट आई है। मालती देवी के शोर मचाने पर उसके बेटे ने बीच बचाव किया तो मालती देवी की जान बच पाई साथ ही बुधाई व उसकी बेटियों ने वृद्ध महिला को जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। हालाकि संदीपन घाट थाना पुलिस ने महिला को न्याय का आश्वासन दिया।

# क्राप कटिंग के आंकड़े बता रहे अच्छी नहीं हुई गेहूं की पैदावार



**कौशाम्बी।** जिले की मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रानीपुर गांव में सोमवार को रवी फसल गेहूं की क्रॉप कटिंग की कार्रवाई की गईं ऑनलाइन चयनित किसान के खेत में 10 मीटर प्रति भुजा आकर के समबाहु त्रिभुज के क्षेत्र में रवी फसल गेहूं की कटाई और मड़ाई करके उससे प्राप्त गेहूं का वजन कर-के पैदावार का आंकड़ा निकाला गया। फसल की औसत पैदावार निकालने के लिए रवी और खरीफ फसल सीजन में राजस्व विभाग द्वारा क्रॉप कटिंग की कार्रवाई की जाती है क्राप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करके शासन को भेजे जाते हैं इन आंकड़ों के आधार पर ही फसल बीमा धारक किसानों को फसल में हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाता है इसके साथ ही प्रति हेक्टेयर फसल उत्पादन का निर्धारण किया जाता है रानीपुर गांव के किसान रामनरेश सिंह पुत्र धर्मराज सिंह के गेहूं के खेत में सोमवार को तहसीलदार मंझनपुर भूपाल सिंह ने राजस्व निरीक्षक रामबरन और लेखपाल विपिन साहू व सुधीर कुमार के साथ पहुंचकर अपनी निगरानी में क्रॉप कटिंग की कार्रवाई पूरी करवाया 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्र में कुल 18.92 किलोग्राम गेहूं की उपज प्राप्त हुई प्राप्त उपज के अनुसार एक हेक्टेयर क्षेत्र में 43 कुंतल 67 किलोग्राम फसल उत्पादन का आंकड़ा प्राप्त हुआ मौसम प्रतिकूल होने की वजह से और अन्य स्थानीय कारणों से लगातार दो साल से गेहूं फसल का उत्पादन इलाके में अच्छा नहीं हुआ है क्रॉप कटिंग की कार्रवाई के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह और किसान रामनरेश सिंह, यूनिवर्सल शेम्पो बीमा कंपनी के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुधीर सिंह के साथ तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्युत संविदा कर्मी के आतंक से उपभोक्ता परेशान

**अधिकारी नहीं देते ध्यान फाल्ट ठीक करने के नाम पर संविदा कर्मी जमकर करते हैं वसूली**

**सैकड़ो घरों में कटिया धारकों से विद्युत संविदा कर्मी प्रत्येक महीने अवैध रसूली में लिप्त**

**बेनीराम कटरा कौशाम्बी।** चायल तहसील के पावर हाउस मखाऊपुर में रविन्द्र कुमार, राहुल कुमार मूलचन्द्र, रोहित कुमार, शूलचन्द्र, रामहित विद्युत संविदा कर्मचारी की मनमानी से विद्युत उपभोक्ता परेशान है यह संविदा कर्मी पूरे दिन उपभोक्ताओं से वसूली करते हैं कटिया लगाकर विद्युत की चोरी करने वाले ग्रामीणों से भी यह संविदा कर्मी प्रत्येक महीने वसूली करने पहुंच जाते हैं जिससे विद्युत लास होता है लेकिन उसके बाद भी संविदा कर्मचारियों के कारनामों को विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं विद्युत सप्लाई दुरुस्त करने के नाम पर बार-बार विद्युत ट्रिप लेते हैं जिससे विद्युत कनेक्शन धारकों को समय से बिजली नहीं मिल पाती है। ग्राम सभा बरियावां, बरोलहा,रामपुर आदि गांव में उक्त विद्युत संविदा कर्मी विद्युत उपभोक्ताओं से रुपए लेकर अवैध कटिया से घर मे बिजली जलवाते हैं फाल्ट ठीक करने के नाम पर बार-बार कटौती से कानेकसन धारक लाइट बराबर नहीं पाते जो लोग कटिया लगाते हैं वो लोग आए दिन बिजली बिगाड़े रहते हैं। गुर्रा वाली तार केबिल लचकी हैं और कटी हुई है बताया जाता है कि संविदा कर्मियों के साठगाँठ से कटिया धारकों ने गुर्रा वाली केबिल जगह-जगह से काट दिया है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है कई बार कहने पर विद्युत संविदा कर्मी नही सुनते हैं विधुत अधिकारी भी दुर्घटना को रोकने के लिए गंभीर नहीं है इधर उधर करके यह कर्मी चले जाते हैं जिससे विद्युत कनेक्शन धारकों के बिजली फाल्ट की समस्या नहीं दूर होती है। इन संविदा कर्मियों के कारनामों को संज्ञान लेना होगा इन्हें दंडित करना होगा और अवैध तरीके से कटिया लगाकर बिजली चोरी करने वालों पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी करनी होगी लेकिन उसके बाद बिजली अधिकारी गंभीर नहीं है क्षेत्र के लोगों ने विद्युत संविदा कर्मियों के कारनामों की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए संविदा कर्मियों की तानाशाही पर रोक लगाए जाने उनकी अवैध वसूली बंद कराए जाने और कटिया धारकों के कनेक्शन की जांच कर उन पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# अपराध के आरोपी को महिमा मंडित करने में लगी है संदीपन घाट थाना पुलिस

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** आम जनता सभ्रांत जनता से ऊंची आवाज में बात करने वाली संदीपनघाट थाना पुलिस अपराध के आरोप में लिप्त लोगो को महिमा मंडित कर रही है कुछ वर्षों पूर्व इलाके के एक ढाबा से गिरफ्तार कर-के पुलिस ने जिस ब्यक्ति को जेल भेजा था वह संदीपन घाट थाना पुलिस का खास बना हुआ है पुलिस उप निरीक्षक को माला पहनकर वह सम्मानित करता है पुलिस उससे खुश रहती है पूरे दिन यह व्यक्ति संदीपन घाट थाने में तहरीर लिखने के नाम पर मौजूद रहता है जिसके आड़ में यह अपराधियों को जहां संरक्षण दे रहा है वही लोगों को मदद के नाम पर वसूली में लिप्त है कुछ वर्ष पहले इस ब्यक्ति ने शराब के नशे में तत्कालीन एसपी को गाली दी थी, जिस पर एसओजी टीम इसे उठाकर पुरामुफ्ती थाने ले गई और अच्छी खातिरदारी की थी किंतु मुकदमा नही लिखा गया था। थाना पुलिस को सम्मानित करने वाला यह कथित ब्यक्ति कुछ वर्षों पूर्व मुकदमे का आरोपी था इस आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार करके पुलिस ने जेल भी भेजा था लेकिन अब इसको संदीपनघाट पुलिस महिमा मंडित कर रही है कैसे आम जनमानस को न्याय मिलेगा जब अपराध के आरोपी को थाना पुलिस महिमा मंडित करेगी धन्य है योगी सरकार की संदीपन घाट थाना पुलिस के जांबाज उप निरीक्षक के कारनामे से एक बार फिर पुलिसिया वर्दी शर्मसार हो रही है।

## न्यूज झरोखा

### थ्रेसर लगे ट्रैक्टर को अज्ञात वाहन ने पीछे से मारी टक्कर, दो घायल





**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ससुर खदेरी नदी पुल से थोड़ा आगे कानपुर प्रयागराज लेन पर बीती देर रात्रि ट्रैक्टर में थ्रेसर लगाकर जा रहे चालक को अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी इस टक्कर से थ्रेसर पलट गया और ट्रैक्टर चालक उस्मान पुत्र अब्दुल,आसिफ पुत्र दुल्ला निवासी संभल गंभीर घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर 108 एंबुलेंस कर्मियों ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जानकारी के अनुसार घायल लोग संभल के रहने वाले हैं खागा से क्षेत्र में थ्रेसर की सप्लाई करते हैं बीती रात्रि कनवार बॉर्डर के पास फौजी ढाबा से खाना खाकर थ्रेसर की सप्लाई मंझनपुर किसी ग्राहक को देने जा रहे थे ।दुर्घटना ग्रस्त थ्रेसर को घायलों के साथियों ने कमासिन के थ्रेसर दुकानदार के यहां खड़ा करवा दिया है ।

### चित्रकूट बॉर्डर पर एएसपी ने की चेकिंग



**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ थाना महेवाघाट अंतर्गत चित्रकूट बार्डर पर सघन चेकिंग की गयी है बॉर्डर के दूसरे पार से आने वाले वाहनों को रोककर पुलिस टीम ने चेक किया उनकी तलाशी लिया साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन हेतु जागरूक किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस की सख्ती देखकर हड़कंप मचा रहा।

### वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायालय



**अझुवा कौशांबी।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ने नरेश सिंह पुत्र स्वर्गीय तेजपाल सिंह निवासी केन थाना सैनी जनपद कौशांबी को एन बी डब्लू के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया है।

### बीच हाइवे गिरा पोल, हादसे को दे रहा दावत



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस्ती के पश्चिम छोर बीच हाइवे डिवाइडर पर एक इलेक्ट्रिक पोल किसी वाहन की टक्कर से गिर गया है जिससे दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता राष्ट्रीय राजमार्ग अझुवा में बीच सड़क बने डिवाइडर में नगर पंचायत द्वारा रोशनी के लिए सौर ऊर्जा पोल गाड़े गए है बीते कई दिन पहले अज्ञात वाहन की टक्कर से यह पोल धराशाई हो गया जिसे जिम्मेदारों ने अभी तक दुरुस्त नहीं कराया जबकि पोल और उसकी सामग्री मौके पर ही पड़ी हुई है राष्टीय राजमार्ग किनारे वासियों ने नगर पंचायत के जिम्मेदारों से पोल गिरने की सूचना भी दी है।

### एंबुलेंस से टकराकर बाइक सवार तीन घायल



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली अंतर्गत डोरमा गांव के नजदीक इंडियन आयल पेट्रोल पंप से एम्बुलेंस चालक अपनी एम्बुलेंस में डीजल लेकर मुख्य सड़क पर निकल रहा था तभी एक दोपहिया वाहन की टक्कर एम्बुलेंस से हो गई सड़क पर आते दो पहिया वाहन चालक को बिना देखे एंबुलेंस चालक ने पेट्रोल टंकी से अपने वाहन को मुख्य सड़क पर ला दिया था जिससे यह हादसा हुआ है इस हादसे में दोपहिया वाहन पर सवार तीनो लोग चोटहिल हो गए। तीनों घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया है। घायलों में उमेश कुमार पुत्र रमेश 20 वर्ष विजय पुत्र संभल 28 वर्ष वा राजेंद्र पुत्र राम प्यारे 40 वर्ष सभी निवासी कनवार गांव सभा के हैं तीनो युवक किसी काम से सिराथू जा रहे थे।

### सीओ चायल ने ट्रैफिक सीओ के साथ लगाया वाहन चेकिंग



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मूरतगंज चौराहे पर क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने यातायात सीओ अभिषेक सिंह के साथ सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया है वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहकर वाहन चेकिंग की है वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दर्जनों गाड़ियों का चालान किया वा गलत पाए जाने पर एक वाहन को सीज किया है।

### साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में गिरा बाइक सवार दो घायल



**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना अंतर्गत बाजापुर नहर के पास एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गयी जिससे बाइक सवार अब्दुल पुत्र खान मोहम्मद और सैयद जुबैर पुत्र गुलाम मुस्तफा घायल हो गए। किसी राहगीर ने 108 एम्बुलेंस को फोन किया। 108 एम्बुलेंस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया है

### ट्रक ने सामने से कार को मारी टक्कर कार चालक गंभीर



**कौशाम्बी।** कड़ा थाना अंतर्गत लेहदरी पुल के पास सोमवार की भोर लगभग 03:30 बजे ट्रक चालक को झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित हो गया जब तक ट्रक चालक ट्रक को संभालता तब तक सामने से आ रही कार से भिड़कर ट्रक सड़क से नीचे चला गया आसपास के लोग मौके पर पहुचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करते हुए 108 एम्बुलेंस को फोन किया। 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंचकर घायल कार चालक राजेश पाण्डेय उम्र 45 वर्ष को नजदीकी सरकारी अस्पताल सीएचसी कड़ा में भर्ती करवाया। जानकारी मिलने के बाद घायल राजेश के घर वाले अस्पताल पहुँचे और अपने मरीज को लेकर किसी प्राइवेट अस्पताल में चले गए। घायल राजेश पाण्डेय प्रतापगढ़ जिले के संग्रामपुर के रहने वाले हैं।

### पैरामिलिट्री फोर्स के साथ महेवाघाट थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया तथा ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी। लोकसभा चुनाव में निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु पुलिस टीम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।

## संपादक की कलम से

## कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी

देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोशत की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की ह्यबच्चा मंडीह्व के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पदार्पाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है।

दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को बेचता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है।

अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पदार्फाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुमार्ने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोशत में लिप्त हो जाते हैं। बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोशत के अनेक कारण हैं। निसंतान दंपतियों द्वारा बच्चों को खरीदना एकमात्र कारण नहीं है बल्कि गरीबी, अशिक्षा, आर्थिक विषमता, सुविधावादी जीवनशैली, भौतिकवाद, बच्चों की अधिक संख्या, बेरोजगारी भी बड़ा कारण है। पैसे की अपसंस्कृति ने अपराधों को अनियंत्रित किया है। पैसे कमाने के लिए कई लोग बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोशत के व्यापार में लग गए हैं। वो गरीब लोगों को बहकाकर उनके बच्चों को काम दिलवाने का झांसा देकर शहर ले जाते हैं फिर शहर में जाकर उन बच्चों को बेचा जाता है फिर शुरू होता है बच्चों के शोषण का अंतहीन सिलसिला। जो बच्चे खो जाते हैं उनको अपराधी अगवा कर बेच देते हैं। लड़कियों को देह व्यापार के लिए विवश किया जाता है। हजारों बच्चों को फैक्ट्रियों में बंधुआ मजदूर बना दिया जाता है। 16-16 घंटे काम कराके इन को भर पेट खाना भी नसीब नहीं होता। इन सब कारणों से देश का बचपन कराह रहा है। देश में युवाओं के एक वर्ग की सोच में बदलाव भी परोक्ष रूप से बाल-तस्करी को बढ़ावा दे रहा है। एक सर्वे में खुलासा हुआ था कि भारत के नौ फीसदी युवा शादी तो करना चाहते हैं लेकिन बच्चे नहीं पैदा करना चाहते। संतान सुख के लिए उन्हें बच्चे खरीदने से परहेज नहीं है। हैरत की बात यह है कि देश के ढाई करोड़ से ज्यादा अनाथ बच्चों में से किसी को गोद लेने का विकल्प होने के बावजूद ऐसे युवा कई बार बाल तस्करी करने वालों से संपर्क तक साध लेते हैं। बाल-तस्करी भारत की एक उभरती एवं ज्वलंत समस्या है। यह केवल भारत की ही नहीं, दुनिया की बड़ी समस्या है। पिछले साल एक एनजीओ की रिपोर्ट में बताया गया था कि 2016 से 2022 के बीच बाल तस्करी के सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमशः दूसरे, तीसरे नंबर पर थे। इस अवधि में मध्य प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना में भी कई मामले दर्ज हुए। कोरोना काल के बाद दिल्ली में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई थी। यह भी देखने में आया कि जिलों की सूची में बाल तस्करी से जुड़े मामलों में जयपुर पहले स्थान पर रहा।

पिछले साल संसद में पेश राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2021 में हर दिन औसतन आठ बच्चों की तस्करी हुई। देश के ही भीतर यह तस्करी होती है लेकिन संगठित गिरोह कुछ बच्चों को खाड़ी और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में भी तस्करी करते हैं। एनसीआरबी के मुताबिक 2019 से 2021 के बीच देश में 18 साल से कम उम्र की 2.51 लाख लड़कियां लापता हुईं। इनमें से ज्यादातर मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और ओडिशा की थीं। बचपन अगर बाल तस्करी के बीच फंसकर रह जाए तो बच्चा अपने बचपन, क्षमता और मानवीय गरिमा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास से भी वंचित रह जाता है। गौरतलब है कि बच्चों के घरेलू काम, विभिन्न क्षेत्रों में बाल श्रम, भीख मांगना, अंग तस्करी और व्यावसायिक यौनकर्म जैसी अवैध गतिविधियां बाल तस्करी की कोख से ही जन्म लेती हैं। सरकार और समाज को इससे मिलकर निपटना होगा। इस समस्या की जड़ में गरीबी भी है। इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी व्यावहारिक और ठोस नीति बनाई जानी चाहिए कि बाल तस्करी के समूल उन्मूलन की जमीन तैयार हो सके।

## पतंजलि और बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से क्यों पड़ी फटकार

पतंजलि पर आयुर्वेदिक उत्पादों के प्रचार के लिए आधुनिक चिकित्सा की छवि खराब करने वाले भ्रामक विज्ञापन चलाने पर मुकदमा चल रहा है। अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण की क्षमा प्रार्थना अस्वीकार करते हुए कंपनी को फटकार लगाई है।

सुप्रीम कोर्ट ने 2 अप्रैल को कहा कि वह अदालत की अवमानना के मामले में पतंजलि के सह-संस्थापक बाबा रामदेव और प्रबंधक निदेशक आचार्य बालकृष्ण की क्षमा प्रार्थना को अस्वीकार कर सकती है। पतंजलि और इन दोनों पर भ्रामक प्रचार चलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप हैं।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने फटकार लगाते हुए कंपनी के रवैये की कड़े शब्दों में निंदा की। जजों ने यहां तक कहा कि पतंजलि अदालत में झूठी गवाही देने की भी दोषी प्रतीत हो रही है। सॉलिसिटर जनरल के हस्तक्षेप पर अदालत ने पतंजलि को एक हफ्ते का अतिरिक्त समय दिया।

**क्या है मामला**

मूल मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा दायर की गई एक याचिका से जुड़ा है। इसमें आईएमए ने आरोप लगाया था कि पतंजलि और रामदेव ने कोविड-19 टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ विज्ञापन अभियान चलाया था।

नवंबर 2023 में अदालत ने बीमारियों का समूचा इलाज करने वाली दवाओं के झूठे दावों पर प्रति शिकायत पतंजलि के ऊपर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की चेतावनी दी थी। यह भी आदेश दिया था कि कंपनी भविष्य में झूठे विज्ञापन ना निकाले। इस आदेश के बावजूद पतंजलि ने फिर से ऐसे विज्ञापन निकाले, जिसके बाद अदालत ने इसे विज्ञापनों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया। साथ ही, पतंजलि और बालकृष्ण के नाम अवमानना के नोटिस जारी कर दिए।

अवमानना के मामले में जब कंपनी ने अपना जवाब अदालत में दाखिल नहीं किया, तो 19 मार्च को कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण को अगली सुनवाई में मौजूद रहने का आदेश दिया। इसके बाद 21 मार्च को बालकृष्ण ने इन विज्ञापनों के लिए अदालत में हलफनामा दाखिल कर बिना शर्त माफी मांगी।

कंपनी ने यह दलील दी कि वह कानून के शासन का पूरा आदर करती है, लेकिन उसके मीडिया विभाग को विज्ञापन रोकने के अदालती आदेश की जानकारी नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को ठुकरा दिया और कहा, "अवमानना के मामलों में इस तरह का सलूक नहीं किया जाता है। कुछ मामलों को उनकी तार्किक परिणति तक ले ही जाना पड़ता है। इतनी दरियादिली नहीं दिखाई जा सकती."

**सरकार को भी फटकार**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय पर भी इस मामले में कोई कदम नहीं उठाने के लिए नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि कोविड के दौरान 2022 में खुद मंत्रालय ने कहा था कि पतंजलि के उत्पाद महामारी के खिलाफ आधुनिक दवाइयों के सप्लीमेंट से ज्यादा कुछ नहीं हैं।

# नौ-रात्रि संयम व आध्यात्मिक शक्ति संचय का पर्व




चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि और हिंदू नववर्ष की शुरूआत होती है। माना जाता है कि इस दिन से ही विक्रमी संवत 2081 की शुरूआत हो जाएगी। इसके साथ प्रतिपदा से ही नवरात्रि की शुरूआत हो जाएगी।

पूरे नवरात्रि के नौ दिनों पर माता के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है।

शास्त्रों के अनुसार पूरे साल में 4 बार नवरात्रि आती है। इनमें दो गुप्त और दो प्रत्यक्ष नवरात्रि होती हैं। प्रत्यक्ष नवरात्रि में एक चैत्र माह और दूसरी आश्विन माह में आती है। चैत्र माह की नवरात्रि को वासंतिक नवरात्रि और आश्विन माह की नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहते हैं। चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा के दिन से ही नए हिंदू वर्ष की शुरूआत होती है।

**कब से शुरू हैं नवरात्रि 2024?**

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 8 अप्रैल की रात्रि 11 बजकर 51 मिनट से आरंभ होगी। उदया तिथि के अनुसार 9 अप्रैल को चैत्र नवरात्रि का पहला दिन माना जाएगा। इस दिन माता शैलपुत्री का पूजन किया जाएगा। इसका अर्थ है कि माता का आगमन मंगलवार को होगा।

घोड़े पर सवार होकर आएंगी जगतजननी माता दुर्गा की सवारी शेर है पर नवरात्रि में में माता दिन के अनुसार अलग-अलग वाहनों पर आती हैं। साल 2024 में मंगलवार से नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। इस कारण माता दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी। वहीं, माता हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। हाथी पर मां का प्रस्थान शुभ संकेत होता है।

पौराणिक कथा के मुताबिक चैत्र नवरात्रि के पहले दिन आदिशक्ति का प्राकट्य हुआ था, जिन्होंने ब्रह्माजी से सृष्टि निर्माण करने के लिए कहा और उसी दिन से ब्रह्माजी ने सृष्टि निर्माण का कार्य शुरू कर दिया था। इसलिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हिंदुओं का नववर्ष भी शुरू होता है, क्योंकि मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मांड में सृष्टि का उदय हुआ था।

इसलिए चैत्र नवरात्रि का हमारे धार्मिक और पौराणिक आस्थाओं में बहुत महत्व है। अगर प्रकृति की दृष्टि से देखा जाए तो चैत्र नवरात्रि वसंत ऋतु में होती है। इन दिनों पेड़-पौधों में नवयौवन से युक्त कोमल पत्तियां और सृजन की संभावनाओं से भरे फूल खिले होते हैं। कुदरत इन दिनों हर तरफ अपनी सुंदरता की छटा बिखेर रही होती है। इस मौसम में चैत्र नवरात्रि की नौ रातें आध्यात्मिक दृष्टि से भरपूर होती हैं। माना जाता है कि इन नौ दिनों में मां दुर्गा से जुड़ी सभी शक्तियां जाग्रत हो जाती हैं, इसलिए चैत्र नवरात्रि का बहुत महत्व है। ज्योतिष के अनुसार नवरात्रि का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय है। एक तरह से देखें तो चैत्र नवरात्रि की नौ रातें अंतःशुद्धि का महापर्व है। इन दिनों संयम, नियम से रहने पर हम अपने चारों तरफ शुद्ध विचारों और आध्यात्मिक शक्तियों का बहाव महसूस करते हैं। इन नवरात्रों में हर दिन मां दुर्गा अलग-अलग रूपों के साथ हमारे सामने प्रकट होती हैं और हमें उन रूपों के अनुरूप उनकी पूजा करनी होती है। नवरात्रि का पर्व देशभर में पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इनका पहला दिन धर्म अध्यात्म के साथ-साथ कालगणना की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि चैत्र नवरात्रि का पहला दिन हिंदू नववर्ष का पहला दिन भी होता है।

कुछ लोग इस पर बहस करते मिल जाएंगे कि शारदीय नवरात्रि ज्यादा श्रेष्ठ होते हैं या चैत्र नवरात्रि। क्योंकि दोनों ही नवरात्रियों में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा होती है और दोनों ही नवरात्रियों में शक्ति का जागरण होता है। चैत्र नवरात्रि के पार्श्व में एक कहानी यह मौजूद है कि महिषासुर से युद्ध कौशल में पार न पाने के कारण देवताओं ने मां दुर्गा का आह्वान किया और उनसे प्रार्थना की कि वे उस आतताई को खत्म करके उन्हें राहत दिलाएं। देवताओं की प्रार्थना सुनने के बाद मां दुर्गा प्रकट हुई और उन्होंने नौ दिनों तक महिषासुर से भयंकर युद्ध किया, दसवें दिन मां दुर्गा ने इस दुष्ट राक्षस का वध कर दिया। इसलिए चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाते हैं। चैत्र नवरात्रि वास्तव में अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। लोग नौ दिनों तक मां दुर्गा के सम्मान में व्रत रखते हैं। नवें दिन रामनवमी के साथ चैत्र नवरात्रि खत्म होते हैं।

गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रों के अंत में आने वाली रामनवमी भगवान राम का जन्मदिन है। नवरात्रों में नौ दिनों तक मां दुर्गा के उपासक, उनके विभिन्न रूपों और अवतारों की पूजा करते हैं। हर दिन के लिए उनकी एक अलग-अलग छवि निर्मित की जाती है और इस दौरान लोग मां के सम्मान में तरह तरह के अनुष्ठान करते हैं और प्रार्थनाएं करते हैं। नवरात्रि मनाये जाने के इस धार्मिक और आध्यात्मिक कारणों के अलावा एक वैज्ञानिक कारण भी है। दरअसल, मानव शरीर विज्ञान के जानकार कहते हैं कि नवरात्रि के दौरान मौसम के संक्रमणकाल में होने के चलते इन दिनों लोगों को आसानी से संक्रमण हो जाता है। नवरात्रि के दौरान इसलिए उपवास रखकर शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास करना होता है। नवरात्रि के दौरान उपवास रखने और सात्विक भोजन करने के कारण डिटॉक्स के जरिये शरीर से तमाम तामसिक तत्व बाहर चले जाते हैं, जिससे लोग स्वस्थ और सकारात्मक भावनाओं से भर जाते हैं। इससे हमारे स्वास्थ्य को अतीव लाभ होते हैं। नौ दिनों के नवरात्रि से लोगों को जितना आध्यात्मिक फायदा होता है, उससे कहीं ज्यादा शारीरिक और भावनात्मक लाभ मिलते हैं, क्योंकि नौ दिनों तक उपवास रहने के कारण एक तरफ जहां शरीर स्वस्थ हो जाता है, वहीं भावनाएं भी प्रफुल्लित और तरोताजा हो जाती हैं। चैत्र नवरात्रि के दौरान सूर्य का राशि परिवर्तन भी होता है।

# 'मूक' समाज को आवाज देकर बन गए उनके 'नायक'

– प्रो.(डा.) संजय द्विवेदी

अगर कोई इंसान, हिंदुस्तान के कुदरती तत्वों और मानव समाज को एक दर्शक के नजरिए से फि ल्म की तरह देखता है, तो ये मुल्क नाइंसाफी की पनाहगाह के सिवा कुछ नहीं दिखेगा। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने आज से 103 वर्ष पूर्व 31 जनवरी 1920 को अपने अखबार मूकनायक के पहले संस्करण के लिए जो लेख लिखा था, यह उसका पहला वाक्य है। अपनी पुस्तक पत्रकारिता के युग निमार्ता : भीमराव आंबेडकर में लेखक सूर्यनारायण रणसुभे ने इसलिए कहा भी है – कि जाने-अनजाने बाबा साहेब ने इसी दिन से दीन-दलित, शोषित और हजारों वर्षों से उपेक्षित मूक जनता के नायकत्व को स्वीकार किया था।

बाबा साहेब ने मूकनायक पत्र की शुरूआत की थी। इस समाचार पत्र के नाम में ही आंबेडकर का व्यक्तित्व छिपा हुआ है। वे मूक समाज को आवाज देकर ही उनके नायक बने। बाबा साहेब ने कई मीडिया प्रकाशनों की शुरूआत की। उनका संपादन किया। सलाहकार के तौर पर काम किया और मालिक के तौर पर उनकी रखवाली की। मूकनायक के प्रकाशन के समय बाबा साहेब की आयु मात्र 29 वर्ष थी। और वे तीन वर्ष पूर्व ही यानी 1917 में अमेरिका से उच्च शिक्षा ग्रहण कर लौटे थे। अक्सर लोग ये प्रश्न करते हैं कि कि एक उच्च शिक्षित युवक ने अपना समाचार-पत्र मराठी भाषा में क्यों प्रकाशित किया? वह अंग्रेजी भाषा में भी समाचार-पत्र का प्रकाशन कर सकते थे। ऐसा करके वह अभिजन समाज के बीच प्रसिद्धि पा सकते थे और अंग्रेज सरकार तक दलितों की स्थिति प्रभावी ढंग से रख सकते थे। लेकिन बाबा साहेब ने मूकनायक का प्रकाशन वर्षों के शोषण और हीनभावना की ग्रंथि से ग्रसित दलित समाज के आत्म-गौरव को जगाने के लिए किया गया था। जो समाज शिक्षा से दूर था, जिसके लिए अपनी मातृभाषा मराठी में लिखना और पढ़ना भी कठिन था, उनके बीच जाकर अंग्रेजी मूकनायक आखिर क्या जागृति लाता? इसलिए आंबेडकर ने मराठी भाषा में ही समाचार पत्रों का प्रकाशन किया।

अगर हम उनकी पहुंच की और उनके द्वारा चलाए गए सामाजिक आंदोलनों की बात करें, तो बाबा साहेब अपने समय में संभवतः सब से ज्यादा दौरा करने वाले नेता थे। सबसे खास बात यह है कि उन्हें ये काम अकेले अपने बूते ही करने पड़ते थे। न तो उन के पास सामाजिक समर्थन था, न ही आंबेडकर को उस तरह का आर्थिक सहयोग मिलता था, जैसा कांग्रेस पार्टी को हासिल था। इसके विपरीत, आंबेडकर का आंदोलन गरीब जनता का आंदोलन था। उनके समर्थक वो लोग थे, जो समाज के हाशिए पर पड़े थे, जो तमाम अधिकारों से महरूम थे, जो जमीन के नाम पर या किसी जमींदार के बंधुआ थे। आंबेडकर का समर्थक, हिंदुस्तान का वो समुदाय था, जो आर्थिक रूप से सब से कमजोर था। इसका नतीजा ये हुआ कि आंबेडकर को सामाजिक आंदोलनों के बोझ को सिर से पांव तक केवल अपने कंधों पर उठाना पड़ा। उन्हें इस के लिए बाहर से कुछ खास समर्थन हासिल नहीं हुआ। और ये बात उस दौर के मीडिया को बखूबी नजर आती थी। आंबेडकर के कामों को घरेलू ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भी जाना जाता था। हमें हिंदुस्तान के मीडिया में आंबेडकर की मौजूदगी और उनके संपादकीय कामों की जानकारी तो है, लेकिन ये बात ज्यादातर लोगों को नहीं मालूम कि उन्हें विदेशी मीडिया में भी व्यापक रूप से कवरेज मिलती थी। बहुत से मशहूर अंतरराष्ट्रीय अखबार, आंबेडकर के छुआछूत के खिलाफ अभियानों और महात्मा गांधी से उनके संघर्षों में काफी दिलचस्पी रखते थे। लंदन का द टाइम्स, ऑस्ट्रेलिया का डेली मर्करी, और न्यूयॉर्क टाइम्स, न्यूयॉर्क एम्सटर्डम न्यूज, बाल्टीमोर अफ्रो-अमरीकन, द नॉरफॉक जर्नल जैसे अखबार अपने यहां आंबेडकर के विचारों और अभियानों को प्रमुखता से प्रकाशित करते थे। भारतीय संविधान के निर्माण में आंबेडकर की भूमिका हो या फिर संसद की परिचर्चाओं में आंबेडकर के भाषण, या फिर नेहरू सरकार से आंबेडकर के इस्तीफे की खबर। इन सब पर दुनिया बारीकी से नजर रखती थी। बाबा साहेब ने अपने सामाजिक आंदोलन को मीडिया के माध्यम से भी चलाया।




उन्होंने मराठी भाषा मे अपने पहले समाचार पत्र मूकनायक की शुरूआत क्षेत्रीयता के सम्मान के साथ की थी। मूकनायक के अभियान के दिग्दर्शन के लिए तुकाराम की सीखों को बुनियाद बनाया गया। इसी तरह, आंबेडकर के एक अन्य अखबार बहिष्कृत भारत का मार्गदर्शन संत ज्ञानेश्वर के सबक किया करते थे। आंबेडकर ने इन पत्रिकाओं के माध्यम से भारत के अछूतों के अधिकारों की मांग उठाई। उन्होंने मूकनायक के पहले बारह संस्करणों का संपादन किया, जिसके बाद उन्होंने इसके संपादन की ज़िम्मेदारी पांडुरंग भाटकर को सौंप दी थी। बाद में डी डी घोलप इस पत्र के संपादक बने। हालांकि मूकनायक का प्रकाशन 1923 में बंद हो गया। इसकी खास वजह ये थी कि आंबेडकर, इस अखबार का मार्गदर्शन करने के लिए उपलब्ध नहीं थे। वो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गए थे। इसके अलावा अखबार को न तो विज्ञापन मिल पा रहे थे और न ही उसके ग्राहकों की संख्या इतनी ज्यादा थी कि उससे अखबार के प्रकाशन का खर्च निकाला जा सके। शुरूआती वर्षों में राजिश्री शाहू महाराज ने इस पत्रिका को चलाने में सहयोग दिया था। आंबेडकर की पत्रकारिता का अध्ययन करने वाले गंगाधर पानतावणे कहते हैं कि, मूकनायक का उदय, भारत के अछूतों के स्वाधीनता आंदोलन के लिए वरदान साबित हुआ था। इसने अछूतों की दशा-दिशा बदलने वाला विचार जनता के बीच स्थापित किया।

मूकनायक का प्रकाशन बंद होने के बाद, आंबेडकर एक बार फिर से पत्रकारिता के क्षेत्र में कूदे, जब उन्होंने 3 अप्रैल 1927 को बहिष्कृत भारत के नाम से नई पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। ये वही दौर था, जब आंबेडकर का महाद आंदोलन जोर पकड़ रहा था। बहिष्कृत भारत का प्रकाशन 15 नवंबर 1929 तक होता रहा। कुल मिला कर इसके 43 संस्करण प्रकाशित हुए। हालांकि, बहिष्कृत भारत का प्रकाशन भी आर्थिक दिक़्क़तों की वजह से बंद करना पड़ा। मूकनायक और बहिष्कृत भारत के हर संस्करण की कीमत महज डेढ़ आने हुआ करती थी, जबकि इस की सालाना कीमत डाक के खर्च को मिलाकर केवल 3 रुपए थी। इसी दौरान समता नाम के एक और पत्र का प्रकाशन आरंभ हुआ, जिससे बहिष्कृत भारत को नई ज़िंदगी मिली। उसे 24 नवंबर 1930 से जनता के नए नाम से प्रकाशित किया जाने लगा। जनता, भारत में दलितों के सब से लंबे समय तक प्रकाशित होने वाले अखबारों में से है, जो 25 वर्ष तक छपता रहा था। जनता का नाम बाद में बदल कर, प्रबुद्ध भारत कर दिया गया था। ये सन 1956 से 1961 का वही दौर था, जब आंबेडकर के आंदोलन को नई धार मिली थी।

## न्याय पत्र : कल्याणकारी राज्य का दस्तावेज

18वीं लोकसभा के लिये कांग्रेस का घोषणा पत्र, जिसे न्याय पत्र नाम दिया गया है, वह कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर आधारित है। यह न्याय पत्र उसी कहानी को आगे बढ़ाता है जो 2014 में संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) की दूसरी कार्यकाल वाली सरकार (साल 2009-2014) के परास्त होने के बाद खत्म हो गई थी। न्याय पत्र बताता है कि पिछले 10 वर्षों में दो लोकसभा चुनावों में मिली पराजयों के बावजूद कांग्रेस अपनी उन नीतियों से नहीं हटी है जो नागरिकों को हर तरह के अधिकारों से लैस करने की पक्षधर है; और अधिकार देने का अर्थ ही न्याय पाने के रास्तों का निर्माण करना होता है। वैसे भी पिछले दस वर्षों के नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार के काम के तरीके पर विचार करें तो उसने लोगों पर अन्याय ही किया है। इनमें राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक तीनों ही तरह के अन्याय हैं। 5 न्याय एवं 25 गारंटियों वाले न्याय पत्र में मोदी के उन्हीं अन्यायों की काट है जिसे कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने शुक्रवार को पार्टी में मुख्यालय जारी में किया।

कुछेक मुद्दों को छोड़ दिया तो नागरिक जीवन के लगभग सभी अंगों का स्पर्श करने वाले सभी मसले इसमें शामिल हैं जो बताते हैं कि सत्ता में आने पर कांग्रेस कौन से निर्णय लेगी जिनसे जनसामान्य को न्याय मिलेगा। न्याय के बिंदु सुपरिभाषित हैं और कांग्रेस की अपनी राजनैतिक पहचान व प्रवृत्ति के अनुरूप हैं। साथ ही, आजादी के बाद से उसकी जितनी बार व जिनके भी नेतृत्व में सरकारें चली हैं, उन सभी ने इसी मार्ग पर देश को अग्रसर किया है। स्वतंत्रता जब मिली थी तो अंग्रेज एक ऐसा भारत छोड़ गये थे जो बदहाल था, अविकसित था।

पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से लेकर सभी परवर्ती प्रधानमंत्री इसी राह पर चले थे। यहां तक कि गैर कांग्रेस सरकारों ने भी उसी मार्ग पर चलने की ठानी। नरेंद्र मोदी के अविर्भाव के एक दशक पूर्व आई खुद भारतीय जनता पार्टी की अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने विकास के नाम पर सरकार चलाई तथा 'शाइनिंग इंडिया' के नाम पर ही 2004 का चुनाव लड़ा था। हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद जैसे मुद्दे उन्होंने (वाजपेयी) कालीन के नीचे सरका दिये थे। हो सकता है कि वाजपेयी के पास स्पष्ट बहुमत होता और अपने दम चलती हुई सरकार होती तो वे भी ऐसा ही करते जो आज नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

अलबत्ता नरेंद्र मोदी ने अलग राह पकड़ी क्योंकि वे पहली बार (2014 में) अच्छा बहुमत लेकर तो आये ही थे, 2019 में उनके पास खुद का साफ बहुमत था। भारत के सामने दिक्कतों का दौर वहीं से शुरू हुआ जब मोदी-भाजपा ने विकास की बजाये साम्प्रदायिकता व राष्ट्रवाद के एजेंडे को आगे बढ़ाया। यह विमर्श सारे मुद्दों को अपने भीतर छिपा और समेट लेता है। यह इतिहास के सभी दौर और उन सभी देशों में हुआ है जब तानाशाही प्रवृत्ति का कोई शासक बड़े जनसमर्थन के साथ सत्ता सम्भालता है। वह समाज में एक वर्ग को ऐसे ही किसी नफरत से भरता है व जनता का भावनात्मक दोहन करता है। उसके प्रति लोगों का अनुराग व श्रद्धा इस कदर होती है कि जनता सच-झूठ और सही-गलत में भेद नहीं कर पाती। अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को वह या तो दबाता जाता है या फिर जनता ही उसके लिये यह काम करती है।

ऐसे ही शासन के हर अंग उसकी सत्ता को बचाने का काम करते हैं। उसके खिलाफ कोई भी फैसला देश को कमजोर करने वाला माना जाता है और उसकी आलोचना को देश की बुराई करना मान लिया जाता है। जनता यह भी समझती है कि उनका प्रिय राजा कोई गलत निर्णय ले ही नहीं सकता। वह जो कर रहा है सही है और देश के भले के लिये है। संक्षेप में कहें तो जो भारत में हो रहा है, बस वही।

यहां से विपक्ष की राह बहुत दुरुह हो जाती है। विपक्ष ही क्यों, हर उन व्यक्तियों, संगठनों की जो लोकतंत्र में भरोसा करते हैं। यहां तक कि खुद सरकार की बनाई तमाम संवैधानिक व स्वायत्त संस्थाएं भी ऐसा कोई निर्णय नहीं करतीं जिससे शासक कमजोर हो। ऐसे में अगर अपनी राख से कांग्रेस उठ खड़ी होती है तथा अपने साथ दो दर्जन से अधिक सियासी दलों को अपने साथ लेकर भाजपा की सत्ता को चुनौती देती है, तो बौखलाहट में प्रधानमंत्री मोदी अगर 'कांग्रेस के न्याय पत्र पर मुस्लिम लीग की छाया' देखते हैं तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिये।

# लोस चुनाव व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण स्थल व 236 चित्रकूट विधानसभा तथा 237 मानिकपुर विधानसभा की पोलिंग पार्टियों के रवाना बाबत स्थलीय निरीक्षण किया।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते डीएम।

सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने एडीएम से कहा कि एएसपी के साथ भ्रमण कर पेयजल, वाहन पार्किंग, बैरीकेडिंग, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, स्वास्थ्य कैंप, कंट्रोल रूम, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा संचालन पर प्लान बनाकर व्यवस्थायें करायें। ईओ नगर पालिका से कहा कि पूरे विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करायें। शौचालय में भी कोई कमी हो तो ठीक करायें। मोबाइल शौचालय की व्यवस्था करायें। दोनों विधानसभाओं की अलग-अलग पोलिंग पार्टियां रवानगी व्यवस्थायें अच्छे से की जायें, ताकि पार्टियों के रवाना के समय कोई दिक्कत न हो। सीडीओ व डीसी मनरेगा से कहा कि मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण अच्छे से दिलायें। छाया-पेयजल आदि व्यवस्थायें अभी से प्लान बनाकर तैयार करें। निरीक्षण में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, डीडीओ आरके त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, ईओ लालजी यादव, सहायक अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड राज किशोर आदि मौजूद रहे।

## हर सफर-सुरक्षित सफर, 25 बसों की अमावस्या में हुई व्यवस्था

**चित्रकूट।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच- 35 के अमानपुर क्षेत्र में पिछले दिनों डम्फर व आटो के हादसे में परिवहन विभाग व प्रशासन की संयुक्त कार्यवाही में जिले के सभी टैम्पो-टैक्सी-ई-रिक्शा, कमांडर के खिलाफ अभियान चलाया गया। सोमवार को एआरटीओ ने बताया कि वाहनों को मोटरयान अधिनियम की धाराओं में वाहनों को बन्द किया गया। अमावस्या मेला सकुशल संपन्न कराने को राजापुर से कर्वी, मानिकपुर से कर्वी, मऊ से कर्वी को बसों की व्यवस्था की गई है। रेलवे व बस स्टेशन से यात्रियों को रामघाट/कामतानाथ मंदिर पहुंचाने को 25 बसों की व्यवस्था रेट सूची पर की गई है, ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो। हर सफर सुरक्षित सफर की संकल्पना के तहत किया गया है।

# अग्नि पीड़िता को यादव महासभा ने दी मदद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पिछले दिनों रैपुरा थाना क्षेत्र के लालापुर में बेसहारा विधवा सोनिया यादव पत्नी स्व दशरथ प्रसाद यादव के लालापुर मंदिर स्थित घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान समेत गल्ला, रुपये, पैसे, कपड़े, दैनिक उपयोग की सामग्री जलकर राख हो गई थी।

सोमवार को अखिल भारतीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विद्यासागर यादव की अगुवाई में संगठन टीम पीड़िता के घर पहुंची। संगठन ने पीड़िता को घरेलू उपयोग की सामग्री सौंपी। कहा कि आगे भी हर संभव मदद की जायेगी। टीम में कुलदीप यादव, आनंद कुमार यादव, सुरेश कुमार यादव, आरके सिंह यादव, सत्येंद्र यादव, महेश यादव, अभिलाष यादव, जय सिंह यादव, देवकुमार यादव, शारदा प्रसाद यादव, रमेश यादव, उमाकांत यादव, यशवंत सिंह यादव, रचित यादव, कल्लू यादव, रावेन्द्र यादव, अजीत कुमार यादव, देशराज यादव आदि मौजूद रहे।



अग्नि पीडितों को सामग्री देते समाजसेवी।

## केन्द्रीय विद्यालय में कक्षा एक में एक से 15 तक होंगे प्रवेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य स्नेहलता ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली से प्राप्त प्रवेश मार्ग निर्देशिका में कहा है कि केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट में 2024-2025 को कक्षा एक में प्रवेश को पंजीकरण को ऑनलाइन आवेदन एक से 15 अप्रैल तक सवेरे दस से पांच बजे तक लिये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन को वेबसाइट देखें। सोमवार को उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक के अलावा अन्य किसी कक्षा में प्रवेश को जगह खाली नहीं है। कक्षा एक के अलावा अन्य किसी कक्षा में प्रवेश को पंजीकरण नहीं होगा। नई दिल्ली के भेजे पत्र में प्रवेश सम्बन्धी अन्य जानकारी को केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट की वेबसाइट देखें।

## बच्चों को चाभी देकर खुलवाते विद्यालय, मनमर्जी ढंग से आते हैं शिक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के एक दर्जन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक व शिक्षामित्र समय से विद्यालय नहीं जा रहे। प्राथमिक विद्यालय उसरी पुरवा में सवेरे आठ बजे देखा गया कि विद्यालय का गेट खुला था। गेट के पास बच्चे खड़े थे। बच्चों से पूंछा कि गुरु जी विद्यालय आये हैं। बच्चों ने बताया कि अभी कोई नहीं आया। सोमवार को विद्यालयों की दशा का खुलासा हुआ। बताया गया कि बच्चों से पूंछा कि गेट किसने खोला है। बच्चों ने बताया कि उन्होंने खोला है। गुरू जी ने हमें चाभी दे रखी है। ये हाल है शिक्षा व्यवस्था का। जहां एक ओर भारत देश में प्रथम स्थान चित्रकूट को शिक्षा में मिला है। शिक्षा के नाम पर शिक्षक बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। बीएसए इस मामले पर ध्यान देते हैं या नहीं। क्या ऐसे ही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता रहेगा। इस बारे में खंड शिक्षाधिकारी अतुलदत्त तिवारी ने कहा कि वे मामले की जांच करायेंगे।

## हादसा आरोपी को हुआ जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से न्यायालय से सड़क हादसे आरोपी को 15 सौ रुपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित कराया है। सोमवार को अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज सीडि सुश्री सोनम गुप्ता ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी कमलेश पुत्र बल्देव कस्बा मऊ को 15 सौ रूपये के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

## पांच के कब्जे से 52 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने पांच के कब्जे से 52 लीटर महुआ शराब बरामद की है। सोमवार को मऊ थाने के दरोगा रामकृत यादव ने अमर सिंह पुत्र शिवलाल, राजेश पुत्र श्रीनाथ, इंद्रजीत पुत्र शंकरलाल मुस्तफाबाद थाना सराय अकिल जिला कौशांबी, सुरेंद्र कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद उस्मानपुर तसरी थाना सराय अकिल जिला कौशांबी के कब्जे से दस-दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह ने अशोक पटेल पुत्र मोतीलाल भेडियाही थाना भरतकूप के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# सोमवती अमावस्या मेले का डीएम-एसपी ने किया भ्रमण

## डॉक्टर की गैरहाजिरी पर रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने चैत्र मास की सोमवती अमावस्या मेला की व्यवस्थाओं का तीर्थक्षेत्र रामघाट, परिक्रमा मार्ग समेत पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया।



मेला क्षेत्र का भ्रमण करते डीएम-एसपी।

सोमवार को जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में लगे जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों से कहा कि मेला क्षेत्र में भ्रमण कर मेला की व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहें, ताकि मेला में आये तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो। गर्मी को देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था करें। डीपीआरओ व ईओ से कहा कि पूरे मेला क्षेत्र की साफ-सफाई होती रहे। रामघाट परिक्रमा मार्ग व पूरे मेला क्षेत्र की अच्छे से सफाई होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिये कि सीसीटीवी कैमरे चलते रहें। रामघाट व परिक्रमा मार्ग में कैमरों का संचालन देखते रहें। खोया-पाया केंद्र खोही, परिक्रमा मार्ग पर निरीक्षण दौरान खोया-पाया केंद्र के पास लगे स्वास्थ्य कैम्प को देखा। डॉ संदीप पाल गैरहाजिर मिले। जिलाधिकारी ने सीएमओ से एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। जवाब-तलब भी करें, ड्यूटी पर कैसे गैरहाजिर रहे। डीएम ने एसडीएम कर्वी, सीओ सिटी व ईओ से कहा कि शाम के समय अभियान चलाकर रामघाट, परिक्रमा मार्ग पर दुकानों में पान गुटखा बेंचने वालों पा प्रभारी रोक लगाई जाए।

निरीक्षण दौरान एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव समेत संबंधित अधिकारी व जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# मऊ क्षेत्र में पशुओं को गहराता पानी संकट

## छोटी-छोटी नदियों को नहर से जोडें, हो सकता निदान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र के मऊ व मवईकला गांव के बीच बहने वाली कौशिकी नदी पर मवई को जोड़ने वाली पुलिया के पास बना चेकडैम कई वर्षों से ध्वस्त है। घटिया निर्माण सामग्री से बना चेकडैम खुद पर हई ज्यादती बयां कर रहा है। चेकडैम के बनने दौरान नदी पर बरसात का पानी रुक जाता था। पशुओं के पीने की व्यवस्था हो जाती थी। जब चेकडैम ध्वस्त हुआ, पानी रोकने में असमर्थ है। सोमवार को ये खुलासा हुआ। बताया गया कि चेकडैम के पास नदी तलहटी में भरा पानी आरओ पाइप लीकेज होने से एकत्र हो रहा है, वह पर्याप्त नहीं है। गांव-गांव आरओ पाइपलाइन लोगों को स्वच्छ जल मुहैया कराने को बिछाई गई है। उसमें कई जगहों पर लीकेज से पानी बर्बाद होता है। नदी पर एकत्र पानी कुछ न कुछ पशुओं के थोड़ा बहुत काम आता है। सड़कों पर लीकेज पाइप से पानी बर्बाद हो रहा है। कौशिकी नदी के आसपास ग्रामीण पशुओं को चराने को लाते हैं। पूरी नदी सूख गई है। चेकडैम के पास पानी कमी होने से माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं हैं। पालतू पशुओं को चरा रही महिला किसान धनपतिया कहती है कि चेकडैम तो कई वर्षों से टूटा है। नदी पर पानी नहीं रुकता, थोड़ा बहुत पानी बचता है तो दिसंबर में सूख जाता है। सरकार से चरवाहों ने पानी की समस्या का रास्ता निकालने की मांग की है। लोग कहते हैं क्षेत्र में छोटी-छोटी नदियां हैं, उन्हें नहरों से जोड़ा जाये तो पानी की समस्या से निजात मिल सकती है।



टूटा चेकडैम।

## पुलिस ने दबोचे छह वारंटी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/ वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने छह वारंटी दबोचे हैं। सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा श्यामदेव सिंह ने सिपाही राजीव कुमार सिंह के साथ वारंटी राहुल, राजा तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी खटिकाना शंकरगंज हाल पता लोढ़वारा को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा कालीदीन यादव ने वारंटी रामनरेश व रामबाबू पुत्र राजा छिवलहा पुरवा मजरा रसिन को गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा विनय विक्रम सिंह ने वारंटी श्रीमती सुनीता पत्नी देवी प्रसाद खप्टिहा को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा इमरान खान ने सिपाही प्रकाश मिश्रा के साथ वारंटी धीरू सोनकर पुत्र प्रेमलाल सोनकर भैरमबाबा हनुमानगंज को गिरफ्तार किया।

# ई-रिक्शा-आटो पर कार्यवाही निन्दनीयः शानू

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि ई-रिक्शा व ऑटो पर प्रशासनिक कार्रवाई तत्काल रोकी जाये। ई-रिक्शा व ऑटो चालक गरीब तबके के हैं, प्रतिदिन काम करके परिवार का जीवन यापन करते हैं।

सोमवार को व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि तकरीबन एक सप्ताह से सैकडों ई-रिक्शा-ऑटो थाने-चैकी में बंद हैं। एक हफ्ते से गरीब परिवार को जीवन यापन में दिक्कतें हो रही हैं, वे भुखमरी की कगार पर हैं। ई-रिक्शा-ऑटो यूनियन की दशा से वे चिंतित है। इनकी दशा दिन-प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है। पुलिस कार्यवाही से भयभीत है। परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन को लेनी चाहिए, हजारों घर प्रभावित हैं। गरीब तबके के रोजगार को प्रभावित करना कहां का न्याय है। कानून का पालन करवाने को जुर्माना या नियम बताकर हो सकता है। गलती दो-चार लोग करते हैं, सजा सबको नहीं मिलनी चाहिए। हजारों को सजा देना निंदनीय है। चित्रकूटधाम में दूर-दूर से लोग आते हैं। श्रद्धालुओं को आवागमन में समस्यायें हो रही है। बस में यात्रियों से चारगुना किराया वसूला जा रहा है।



समाजसेवी शानू गुप्ता।

## नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को हुई बीस साल की सजा

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार व पैरोकार अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने न्यायालय से नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को बीस साल की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया। सोमवार को मॉनिटरिंग सेल प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पॉक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट विनीत नारायण पाण्डेय ने मारकुण्डी थाने में दर्ज दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी व पॉक्सो एक्ट आरोपी श्यामदीन उर्फ चिरऊवा पुत्र ठाकुरदीन डोंडामाफी को बीस साल की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि एक मार्च 2020 को वादी ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि श्यामदीन उर्फ चिरऊवा ने नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक मारकुण्डी रविप्रकाश को सौंपी थी। उन्होंने तीन मार्च 2020 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में 25 मार्च 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया था।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आनंद रिसोर्ट मे मदर्स प्राइड ग्लोबल स्कूल के वार्षिकोत्सव में छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। ग्रामोदय विश्वविद्यालय की प्रो श्रीमती वंदना पाठक व प्रो अभय, प्रभारी विजलेंस नीरज यादव, पूर्व बार अध्यक्ष हेमराज सिंह, अधिवक्ता बेनी प्रसाद सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

राधिका ने गणेश वंदना, शिवानी, नित्या, मानसी, अंजलि ने सरस्वती वंदना पेश की। तेजस, आराध्या, वेदांश, दृष्टि, सृष्टि ने शंकरजी का डमरू बाजे, आद्या, देवांशी, आयुष्मान, शिवांश ने कपल डांस, सान्या, श्रीनिका, काव्या, वैदेही, आरिका, खुशी, अनन्या, प्रियांश, वेदांश, अथर्व ने डांस पेश कर सभी का मन मोहा। बच्चों ने वृद्धाश्रम, रामलीला नाटक पेश किया। छोटे बच्चों की प्रस्तुति स्कूल नही जाना मैं और बड़े बच्चों के लेजी डांस ने सभी को हंसने पर मजबूर किया। विद्यालय प्रबंधक मयंक सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य मोनिका सिंह ने सभी का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में साकेत बिहारी, अखिलेन्द्र, यामेंद्र, कृष्ण कुमार, हेमंत सिंह, रिंकू सिंह, संजीव सोनी, अरुण पांडे, शैलेंद्र, सुधीर, अतुल, प्रेमचंद, दीनानाथ समेत सैकड़ो अभिभावक मौजूद रहे।

# टप्पेबाजों ने 16 किलो चांदी से भरा बैग किया पार, बस में सीट नीचे रखा था बैग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ज्वेलर्स के 16 किलो चांदी से भरे बैग को बाइक सवार टप्पेबाजों ने पार कर दिया। वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस जालसाजों की तलाश कर रही है।

ये घटना को रविवार को शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई। बताया गया कि वाराणसी के मनोज सिंह ज्वेलर्स 16 किलो से ज्यादा चांदी से भरा बैग लेकर सप्लाई को बांदा जा रहे थे। चित्रकूट बस स्टैण्ड पर सीट के नीचे चांदी भरा बैग रखकर पेशाब करने को बस के नीचे उतरे। इसी दौरान टप्पेबाजों में से एक युवक बस से बैग लेकर दौड़ते हुए बाइक सवार युवक के साथ बैठकर फरार हो गया। व्यापारी जब लौटा तो बैग गायब मिला। व्यापारी के पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज से जालसाजों की पहचान में पुलिस जुटी है।पीड़ित व्यापारी ने बताया कि बैग में 16 किलो से ज्यादा चांदी थी। स्थानीय व्यापारियों को देने को बांदा जा रहे थे। चित्रकूट में ये घटना हो गई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया, जांच में जुटी है।



सीसीटीवी फुटेज।

## संयुक्त टीम ने की जांच, एएसपी ने देखा मेला क्षेत्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय की अगुवाई में एस चेक टीम बांदा, बीडीडीएस प्रयागराज, डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने चैत्र मास की सोमवती आमावस्या पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर रामघाट, रैन बसेरा, रामायण मेला, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर जांच की। जांच में टीम को कोई आपत्तिजनक वस्तु या लोग नहीं मिले।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने चैत्र मास की सोमवती अमावस्या पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रामघाट, परिक्रमा क्षेत्र का भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। एएसपी ने सभी पुलिस कर्मियों से कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से विनम्र बर्ताव करें। किसी श्रद्धालु को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# तीन के कब्जे से पांच किलो 340 ग्राम गांजा बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से पांच किलो 340 ग्राम गांजा बरामद किया।

सोमवार को भरतकूप थाने के दरोगा बालकिशुन ने राजकुमार यादव पुत्र रामधनी यादव भारतपुर के कब्जे से एक किलो 110 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ ने नरेन्द्र यादव पुत्र गंगादीन यादव बांकी थाना भरुवा सुमेरपुर जिला हमीरपुर के कब्जे से दो किलो 117 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। पहाडी थाने के दरोगा अवध नारायण ने शेर खान पुत्र रमजान खान ऊंचा थोक भरुवा सुमेरपुर जिला हमीरपुर के कब्जे से दो किलो 113 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में गांजा कारोबारी।

# बांग्लादेश रेल हादसे में दो गेटमैन निलंबित

**ढाका।** बांग्लादेश रेल हादसे में रेलवे ने दो गेटमैन को निलंबित कर दिया गया। यह हादसा 05 अप्रैल को फेनी के मुहुरीगंज में एक ट्रेन के रेत से लदे ट्रक से टकराने से हुआ था। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई थी। बांग्लादेश रेलवे के उप सहायक अभियंता रिटन चकमा के अनुसार इस हादसे में दो मामले दर्ज किए गए हैं। दो गेटमैन सैफुल और मोहम्मद राशेद खान के खिलाफ आधिकारिक जांच चल रही है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए बांग्लादेश रेलवे के संभागीय परिवहन



अधिकारी (डीटीओ) अनीसुर रहमान की अध्यक्षता में छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। डीआरएम सैफुल इस्लाम ने कहा कि दुर्घटना के पीछे का सही कारण जांच के बाद पता चल सकेगा। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि दुर्घटना के समय सिग्नल बार बंद नहीं था। चटगांव जा रही मेल ट्रेन ढाका-चटगांव रेलवे पर फेनी के मुहुरिगंज पुल से सटे क्रॉसिंग पर रेत से भरे ट्रक से टकरा गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। दोनों गेटमैन को निलंबित कर दिया गया है।

## इजराइल मिस्र में नई वार्ता के लिए तैयार, दक्षिण गाजा में सेना घटाई



**येरूशलम/काहिरा।** इजराइल ने रविवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा से और अधिक सैनिकों को वापस बुलाते हुए केवल एक ब्रिगेड छोड़ी है। इजराइल ने कहा कि उसने और हमास ने छह माह से जारी संघर्ष में संभावित युद्धविराम पर ताजा बातचीत के लिए मिस्र में टीम को भेजा है। इजराइल साल की शुरूआत से ही गाजा में सैनिकों की संख्या कम कर रहा है और मानवीय स्थिति में सुधार करने के लिए अपने सहयोगी अमेरिका से उस पर दबाव बढ़ रहा है, खासकर पिछले हफ्ते सात सहायता कर्मियों की हत्या के बाद। सैन्य प्रवक्ता ने सैनिकों को वापस बुलाने के कारणों या इसमें शामिल संख्या के बारे में विवरण नहीं दिया लेकिन रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि सैनिक गाजा में भविष्य के अभियानों के लिए तैयारी करेंगे। इजराइल और हमास दोनों ने पुष्टि की कि वे मिस्र में प्रतिनिधिमंडल भेज रहे हैं। हमास युद्ध को खत्म करने और इजराइली सेना की वापसी के लिए समझौता चाहता है। इजराइल ने कहा कि किसी भी युद्धविराम के बाद, वह हमास को उखाड़ फेंकेगा जिसने उसके विनाश की शपथ ली है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि बंधकों की रिहाई के बिना कोई समझौता नहीं होगा और वह अंतरराष्ट्रीय दबाव के आगे नहीं झुकेंगे। हमास का कहना है कि एक समझौते में गाजा पट्टी के पार निवासियों की आवाजाही की स्वतंत्रता शामिल होनी चाहिए।

इजराइली आंकड़ों के अनुसार हमास के 7 अक्टूबर के हमले के दौरान 250 से अधिक बंधकों को पकड़ लिया गया और लगभग 1,200 लोग मारे गए। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइली हमले में 33,100 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। गाजा में अभी भी करीब 130 बंधकों को बंधक बनाकर रखा गया है। एन्क्लेव से सेना की वापसी के बारे में पूछे जाने पर इजराइल के जनरल स्टाफ के प्रमुख हजी हलेवी ने संवाददाताओं से कहा कि सेना लंबे युद्ध के अनुरूप ढल रही है। अपने कार्यालय के एक बयान के अनुसार गैलेंट ने सैन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक में कहा कि सैन्य बलों को वापस बुलाया जा रहा है और वे अपने अगले मिशन की तैयारी कर रही है।

## उपभोक्ता उत्पाद एक्सपो हमारी आइसक्रीम संस्कृति के प्रदर्शन वाली जगह है : इतालवी व्यापारी

**बीजिंग।** चीन अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता उत्पाद एक्सपो का चौथा संस्करण 13 से 18 अप्रैल तक दक्षिण चीन के हाईनान प्रांत में होगा। पिछले साल के एक्सपो में अतिथि देश के रूप में इटली की भागीदारी के बाद, अतिरिक्त 80 इतालवी ब्रांड आभूषण, रसोई उपकरण, कपड़े, भोजन, पेय पदार्थ और बहुत कुछ इस वर्ष के आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

हाल के वर्षों में, इतालवी आइसक्रीम ने चीनी उपभोक्ताओं के बीच लगातार लोकप्रियता हासिल की है। आइसक्रीम उपकरण के एक प्रमुख वैश्विक निमार्ता के रूप में इटली के कार्पिगियानी ने लगातार तीन उपभोक्ता उत्पाद एक्सपो में भाग लिया है।

दो दशकों से अधिक समय तक चीनी बाजार में पैर जमाने के बाद, कार्पिगियानी के बाजार विकास निदेशक ने चाइना मीडिया ग्रुप के एक संवाददाता के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में साझा किया कि कंपनी ने लंबे समय से चीन के भीतर एक उत्पादन आधार स्थापित किया है। निदेशक के अनुसार, पिछले दशक में लगभग 20 प्रतिशत की औसत वार्षिक बिक्री वृद्धि बनाए रखने के बावजूद, चीनी बाजार अभी भी बहुत बड़ी संभावनाओं से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि चीन अभी भी कार्पिगियानी के लिए बिल्कुल नया बाजार है, खासकर इतालवी हस्तनिर्मित आइसक्रीम के लिए। उपभोक्ता उत्पाद एक्सपो आम उपभोक्ताओं के लिए यह समझने के लिए एक अच्छी प्रदर्शनी है कि इतालवी हस्तनिर्मित आइसक्रीम क्या है। एक्सपो की शुरूआत के बाद से, कार्पिगियानी ने सक्रिय रूप से संबंधित कार्यशालाओं और पाठ्यक्रमों का आयोजन किया है, जिससे उपस्थित लोगों को कारीगर आइसक्रीम बनाने के शिल्प में गहराई से जाने का मौका मिला है। इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को विशिष्ट स्वाद तैयार करने और उन्हें बाजार में लाने के लिए सिखाया जाता है। कार्पिगियानी कंपनी के बाजार विकास निदेशक के विचार में चीन में आयोजित उपभोक्ता उत्पाद एक्सपो वह जगह है जहां वे इतालवी आइसक्रीम संस्कृति का प्रदर्शन करते हैं।

# मोजाम्बिक में नौका दुर्घटना, 90 से अधिक लोगों की मौत

**हरारे।** जिम्बाब्वे में मोजाम्बिक के उत्तरी तट पर रविवार को 'अस्थाई नौका' दुर्घटना में 90 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय ऑनलाइन आउटलेट टीवी डियारियो नामपुला के अनुसार, नाव में 130 लोग सवार थे।

आउटलेट के प्रसारण में कहा गया है कि नाव देश के उत्तर में नामपुला प्रांत में लुंगा और मोजाम्बिक द्वीप के बीच चल रही थी जो अचानक पलट गई। बचाव प्रयास सोमवार



को भी जारी है। नाव यात्रियों में कुछ लोग एक मेले में भाग लेने जा रहे थे। अन्य लोग कथित रूप से हैजा फैलने की सूचना से घबरा कर इस नाव में सवार होकर अन्यत्र जा रहे थे।

नामपुला प्रांत के राज्य सचिव जैमे नेटो ने कहा कि कथित हैजा फैलने की गलत सूचना के कारण लोग घबरा गए और भागने की कोशिश में नाव पर चढ़ गए। आमतौर पर इस नाव का इस्तेमाल मछली पकड़ने के लिए होता है।

# पाकिस्तानः बम विस्फोट में दो लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आतंकवाद प्रभावित बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार शहर में रविवार देर शाम हुए शक्तिशाली बम विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। यह जानकारी स्थानीय पुलिस ने दी।

डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, यह विस्फोट खुजदार के व्यस्त शॉपिंग इलाके के उमर फारूक चौक पर हुआ। विस्फोट



के समय महिला और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग ईद की खरीदारी में व्यस्त थे। विस्फोट में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हो गए हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने एक मोटरसाइकिल में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) लगा कर उसे उमर फारूक चौक पर खड़ा कर दिया था। विस्फोट रिमोट कंट्रोल से किया गया। अभी तक किसी ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# इजराइल का हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला, ईरानी दूतावास पर हमले के बाद बढ़ा टकराव

**यरुशलम।** इजराइली ड्रोन को हिजबुल्ला द्वारा पूर्वी लेबनान के आकाश में मार गिराने के बाद इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों पर रविवार को हमले कर अब तक 270 लड़ाकों को मार गिराया है।

सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजराइल के हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच लेबनान-इजराइल सीमा पर हिजबुल्ला और इजराइली सेना के बीच टकराव की घटनाएं बढ़ गई हैं। हिजबुल्ला ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन है जिसकी लेबनान की सत्ता में भागीदारी है।

इस बीच, इजराइल ने कहा है कि वह ईरान के किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इजराइली सेना ने बताया है कि उसके लड़ाकू विमानों ने लेबनान के बालबेक शहर में स्थित हिजबुल्ला के सैन्य परिसर और तीन अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। इन




हमलों में हुए जान-माल के नुकसान का अभी पता नहीं लग सका है।

हिजबुल्ला ने बताया है कि उसके राकेट हमलों में इजराइल के कब्जे वाली गोलान पहाड़ियों पर बने इजराइली हवाई सुरक्षा ठिकाने बर्बाद हो गए हैं। इजराइल ने हिजबुल्ला के इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

हमास के समर्थन में हिजबुल्ला ने आठ अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमले किए थे उसके बाद से दोनों पक्षों में टकराव जारी है। इस टकराव में अभी तक हिजबुल्ला के 270 लड़ाके और इजरायल के 50 नागरिक व सैनिक मारे गए हैं। दोनों पक्षों ने करीब एक-एक लाख लोगों को सीमा से दूर सुरक्षित स्थानों पर भेजा है गाजा में गश्त के दौरान इजराइली सेना के गश्ती दल पर शनिवार को हुए हमले में कमांडो यूनिट के चार सैनिक मारे गए हैं। यह हमला उस समय हुआ जब ध्वस्त हुई एक इमारत के नजदीक से गुजर रहे थे तभी एक सुरंग से निकले लड़ाकों ने उन्हें निशाना बना लिया। मारे गए सभी सैनिक 20-21 वर्ष के थे। अभी तक गाजा में कार्रवाई के दौरान इजराइली सेना के 260 सैनिक मारे जा चुके हैं। इस बीच इजराइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी गाजा से सैनिकों की संख्या कम की जाएगी।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि बंधकों की रिहाई से पहले गाजा में युद्धविराम नहीं होगा।

## नेपाल : टेलीकॉम के बाद एक्साइज ड्यूटी स्टांप घोटाले में भी मुख्य सचिव के शामिल होने के सबूत एसीबी के हाथ लगे

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के मुख्य सचिव पर एक्साइज ड्यूटी स्टांप घोटाला मामले में शामिल होने के प्रमाण एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के हाथ लगे हैं। उन पर पहले ही टेलीकॉम घोटाले में संलग्न होने के आरोप लगे थे। इस मामले को जल्द ही विशेष अदालत में ले जाने की तैयारी चल ही रही थी। हालांकि, प्रधानमंत्री अब तक इस मामले में खामोश हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रमुख प्रेम राई ने बताया कि एक्साइज स्टांप ड्यूटी की छपाई मामले में जांच के दौरान सरकार के मुख्य सचिव वैकुण्ठ अर्याल की भूमिका और व्यापक अनियमितता होने का पता लगा है। जिस समय वैकुण्ठ अर्याल सिक्युरिटी प्रिंटिंग प्रेस के निदेशक जनरल थे, उस समय एक्साइज ड्यूटी स्टांप की छपाई में आर्थिक अनियमितता होने और अवैधानिक तरीके से आर्थिक लेनदेन होने का प्रमाण मिला है। प्रेम राई ने कहा कि टेलीकॉम मामले में पिछले दो महीने से न्यायिक हिरासत में रहे सुनील पौडेल और विकल पोडैल के साथ आर्थिक लेन-देन का प्रमाण मिलने के बाद अब अर्याल के खिलाफ जांच को और आगे बढ़ाया गया है।

वैकुण्ठ अर्याल पर इससे पहले टेरामैक्स नामक टेलीकॉम घोटाले में भी आर्थिक लेन-देन करने की बात सार्वजनिक हुई थी। हालांकि, सरकार ने अब तक अर्याल से ना तो पद छोड़ने के कहा है और ना ही अवकाश पर जाने को कहा है।

## प्रतिबंध आदेश के उल्लंघन में जेल जाना 'बड़े सम्मान' की बात होगी : ट्रंप



**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि न्यायाधीश द्वारा लगाए प्रतिबंध आदेश के उल्लंघन में मुझे अगर जेल जाना पड़ता है तो यह मेरे लिए बड़े सम्मान की बात होगी। ट्रंप ने यह बात एक पोर्न स्टार को गुप्त तरीके से धन भुगतान मामले को लेकर कही जिसकी सुनवाई अगले कुछ दिनों में उक्त न्यायाधीश करेंगे।

ट्रम्प ने शनिवार को अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट कर कहा कि खुला और स्पष्ट सच बोलने को अगर पक्षपातपूर्ण माना जाता है मुझे इसके लिए हिरासत में लिया जाता है तो मैं खुशी से आधुनिक समय का नेल्सन मंडेला बन जाऊंगा, जो मेरे लिए बड़े सम्मान की बात होगी।

ट्रंप का यह बयान न्यायमूर्ति जुआन मर्चन को लेकर सामने आया है जो 2016 के चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित यौन मामले के बारे में चुप्पी साधने के लिए 130,000 डॉलर के भुगतान को छुपाने के आपराधिक आरोपों पर मैनहट्टन में न्यूयॉर्क राज्य की अदालत में उनके मुकदमे की अध्यक्षता करेंगे। 5 नवंबर के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जो बाइडन को चुनौती दे रहे रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 मामलों में दोषी नहीं होने का अनुरोध किया है और डेनियल के साथ लेनदेन के मामले से इनकार किया है, जिसका असली नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है।मर्चन ने 1 अप्रैल को मौजूदा प्रतिबंध आदेश का विस्तार किया जिसने ट्रंप को गवाहों और अदालत के कर्मचारियों के बारे में सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से रोक दिया था ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह परिवार के सदस्यों पर भी लागू होता है। ट्रंप द्वारा मर्चन की बेटी को अपमानित करने के बाद उन्होंने ऐसा किया।गोपनीय तरीके से धन देने का मुकदमा उन चार आपराधिक मामलों में से एक है जिनका ट्रंप अमेरिकी चुनाव से पहले से सामना कर रहे हैं। यह चुनाव से पहले परीक्षण तक पहुंचने वाला एकमात्र मामला हो सकता है। उन्होंने सभी को दोषी नहीं ठहराया है और उन्हें राजनीति से प्रेरित बताया है।

## खान यूनिस के बाद अब आईडीएफ की राफा में जमीनी आक्रमण की तैयारी

**तेल अवीव।** इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) दक्षिणी गाजा में खान यूनिस ऑपरेशन समाप्त करने के बाद अब राफा में सैन्य अभियान की तैयारी कर रहा है इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि राफा में जमीनी आक्रमण की तैयारी की जा रही है।

इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने रविवार को आईडीएफ के 98वें डिवीजन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और राफा ऑपरेशन पर चर्चा की। अमेरिका और अन्य पश्चिमी शक्तियों सहित इजराइल के सहयोगियों ने इजराइल से कहा है कि वह राफा में जमीनी आक्रमण न करे, इससे नागरिकों को बहुत नुकसान होगा। गौरतलब है कि राफा एक घनी आबादी वाला इलाका है। एक अनुमान के मुताबिक यहां 1.3 मिलियन लोग रहते हैं। मिस्र के राष्ट्रपति, अब्देल फतह अल-सिसी ने मार्च में मिस्र की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से संभावित राफा ऑपरेशन पर चिंता व्यक्त की थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में मारे चीनी नागरिकों में महिला भी शामिल, बुलेटप्रुफ नहीं था वाहन

**पेशावर।** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पिछले माह एक आत्मघाती हमले में मारे गए पांच चीनी अभियंता में एक महिला भी शामिल थी। इतना ही नहीं जिस वाहन से जा रहे थे, वह न तो बुलेट प्रूफ और न ही बम-प्रूफ था। पुलिस रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के सुदूर बेशाम क्षेत्र में 26 मार्च को हुए एक आत्मघाती बम हमलावर ने चीनी अभियंताओं के एक काफिले को निशाना बनाया था। इन अभियंताओं को एक बस से उसी प्रांत के कोहिस्तान जिले में डासू पनबिजली केंद्र के निर्माण स्थल पर ले जाया जा रहा था। इस हमले में पांच चीनी नागरिकों एवं उनके पाकिस्तानी चालक की जान चली गयी थी। रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को पुलिस रिपोर्ट में बताया गया कि इस हमले में जान गंवाने वाले पांच चीनी नागरिकों में एक महिला इंजीनियर भी थी। जानकारी के मुताबिक इस संबंध में संघीय सरकार को पुलिस ने जो रिपोर्ट भेजी है, उसमें कहा गया है कि इस हमले में जिस बस को निशाना बनाया गया था, वह काराकोरम राजमार्ग पर एक अन्य बस से 15 फुट की दूरी पर जा रही थी तथा आत्मघाती हमलावर द्वारा विस्फोटकों से लदे वाहन को चीनी अभियंताओं को लेकर जा रही इस बस में टकरा देने से वह 300 फुट गहरी खाई में गिर गयी।

पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी यात्रियों को लेकर जा रही यह बस न तो ह्यबुलेट प्रूफह्ण थी और न ही ह्यबम प्रूफह्ण। उसमें कहा गया है कि चीनी नागरिकों को ले जा रही बसों में सीसीटीवी लगे थे। पुलिस ने आत्मघाती बम हमलावर द्वारा इस्तेमाल में लाये गये वाहन के टुकड़े बरामद किये हैं। पुलिस की इस तरह की यह दूसरी रिपोर्ट है।

एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस घटना की एक जांच रिपोर्ट में ह्यलापरवाहीह्ण की बात सामने आने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश दिया था। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने कहा, प्रधानमंत्री ने हाजरा संभाग के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी, ऊपरी कोहिस्तान और निचले कोहिस्तान के जिला पुलिस अधिकारी, डासू पनबिजली परियोजना के सुरक्षा निदेशक, खैर पख्तूनख्वा की विशेष सुरक्षा इकाई के कमांडेंट के खिलाफ 15 दिनों में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शरीफ ने शुक्रवार को सभी पाकिस्तानी सुरक्षा एजेंसियों को देश में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहे चीनी नागरिकों के वास्ते अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इस बीच चीन ने भी इस हमले को लेकर चिंता जतायी और पाकिस्तान में विभिन्न परियोजनाओं पर काम कर रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा की मांग की।